RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 222 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, मंगलवार 21 जून 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



अग्निवीर के खिलाफ हिंसा और आगजनी के पीछे कांग्रेस का षड़यंत्र ... पेज -3 पर



संस्कार स्कूल मे आर्टस की कक्षाएं - रामचंद्र शर्मा पेज -8 पर

## एक नजर

### डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा

### अगले 15 दिनों तक क्लोरीन टेबलेट डालेगा स्वास्थ्य विभाग, ओआरएस का भी वितरण



**रायपुर।** बच्चों में डायरिया की रोकथाम के लिए प्रदेश में 21 जून से 5 जुलाई तक गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा चलाया जाना है। इस दौरान सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस-जिंक कॉर्नर की स्थापना के साथ ही लोगों को डायरिया के बारे में जागरूक करने कई गतिविधियां संचालित की जाएंगी। डायरिया शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों में मृत्यु के मुख्य कारणों में से एक है।

स्वास्थ्य विभाग में बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के उप संचालक डॉ. वी.आर. भगत ने बताया, प्रदेश के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा सिविल सर्जन्स को समन्वय करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि सभी ए.एन.एम. और मितानिनों को डायरिया केस प्रबंधन, उपचार, काउंसलिंग पर प्रशिक्षण तथा अभियान के दौरान उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के लिए निर्देशित करने और आईडीसीएफ टूलकिट प्रदान करने कहा गया है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के टंकियों की सफाई के भी निर्देश दिए गए हैं।

# 392 करोड़ रूपए की स्वीकृत राशि से 38 लाख संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर

रायपुर। राज्य सरकार द्वारा संचालित सुराजी गांव योजना के तहत नरवा विकास कार्यक्रम अंतर्गत कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2021-22 में 392 करोड़ रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है।



इसमें 01 हजार 962 नालों के 8.17 लाख हेक्टेयर जल ग्रहण क्षेत्र में लगभग 38 लाख भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की विशेष पहल और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य के वन क्षेत्रों में भू-जल संरक्षण तथा संवर्धन के लिए बड़े तादाद में जल स्त्रोतों, नदी-नालों और तालाबों को पुनर्जीवित करने का कार्य लिया गया है। कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2021-22 के तहत प्रदेश के दो राष्ट्रीय उद्यान, दो टाईगर रिजर्व, 01 सामाजिक वानिकी तथा 01 एलीफेंट रिजर्व सहित 30 वन मंडलों के नालों में भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाएं निर्मित की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण, निधि प्रबंधन एवं योजना

### वनांचल के 1962 छोटे-बड़े नालों में 8 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि होगी उपचारितः वन मंत्री अकबर

प्राधिकरण (कैम्पा) मद से बनने वाली इन जल संग्रहण संरचनाओं से वनांचल में रहने वाले लोगों और वन्य प्राणियों के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। साथ ही नाले में पानी का भराव रहने से आस-पास की भूमि में नमी बनी रहेगी। इससे खेती-किसानी में सुविधा के साथ-साथ आय के स्त्रोत और हरियाली में भी वृद्धि होगी। इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि नरवा विकास योजना के तहत कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2021-22 के अंतर्गत गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान सरगुजा के 50 नालों में 96 हजार 850 तथा कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर के 7 नालों में 13 हजार 559 संरचनाओं का निर्माण किया किया जा रहा है। इसी तरह इन्द्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के 93 नालों में एक लाख 80 हजार 847 तथा अचानक मार्ग टायगर रिजर्व लोरमी के 52 नालों में एक लाख से अधिक संरचनाओं का निर्माण हो रहा है।

### जंतर-मंतर से भूपेश बघेल की मांग, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नेशनल हेराल्ड केस की बात उठाई

# राहुल गांधी से पूछताछ का लाइव प्रसारण कराओ, पूरा देश देखे कि ईडी पूछ क्या रही है

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार और भाजपा पर केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग कर कांग्रेस और राहुल गांधी को बदनाम करने की साजिश का आरोप लगाया है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर कांग्रेस के धरने में उन्होंने कहा, उनकी मांग है कि राहुल गांधी से पूछताछ का लाइव प्रसारण कराया जाए। पूरा देश देखे की श्रेष्ठ पूछ क्या रही है और राहुल जी जवाब क्या दे रहे हैं।





### विधायक ने केंद्रीय एजेंसियों को तोता बताया

रायपुर विधायक विकास उपाध्याय ने प्रदर्शन में केंद्रीय जांच एजेंसियों को तोता बताने वाले पुतलों के साथ प्रदर्शन किया। इसमें हाथ जोड़े एक थुलथुल शरीर वाले पुरुष के सिर की जगह तोता दिखाया गया था। विकास ने कहा, कांग्रेस के खिलाफ केंद्र सरकार जिस तरह ED, CBI आदि का इस्तेमाल कर रही है, उसे पूरे देश ने देखा है। ये केंद्रीय एजेंसियां पूरी तरह पिंजरे में बंद तोता हो गई हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, भाई, भाई को मदद कर दे, बाप, बेटे की मदद कर दे तो वह अपराध नहीं होता। उसे मनी लांड्रिंग नहीं कहते, लेकिन कांग्रेस ने अपने ही अखबार नेशनल हेराल्ड की मदद कर दी तो पूछताछ हो रही है। चार दिन से पता नहीं क्या पूछ रहे हैं। केंद्र सरकार के मंत्री श्रेष्ठ राहुल गांधी से क्या पूछ रही है, इसके बारे में बता रहे हैं। मैं तो सीधा कहता हूं कि श्रेष्ठ कार्यालय में कैमरा लगा दिया जाए और उसका लिंक सभी मीडिया हाउसेज में दे दिया जाए। पूरा देश देखे कि श्रेष्ठ पूछ क्या रही है और राहुल जी जवाब क्या दे रहे हैं।

इससे पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नेशनल हेराल्ड केस की बात उठाई। उन्होंने कहा, स्वतंत्रता संग्राम में नेशनल हेराल्ड पर अंगेजों ने पाबंदी लगाई थी। इस अखबार की आजादी में भूमिका रही है। उसको जीवित रखने के लिए कांग्रेस ने मदद कर दी, ऋण दे दिया, कोई अपराध नहीं किया। जिन अंग्रेजों ने नेशनल हेराल्ड पर पाबंदी लगाई थी, उन्हीं के समर्थक, उन्हीं के मानने वाले लोग उसके माध्यम से चार दिन से पेशी पर बुला रहे हैं।

दिल्ली रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था कि नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस नेतृत्व को जबरन परेशान किया जा रहा है। उसमें मनी लॉन्ड्रिंग जैसा कोई मामला ही नहीं है। भूपेश बघेल ने कहा, बड़ी सीधी सी बात है। नेशनल हेराल्ड स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में स्थापित अखबार है।

# बीजेपी ने 8 पार्षदों को पार्टी से निकाला

### पार्टी विरोधी काम करने के चलते कार्रवाई; यहां नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने दिया था इस्तीफा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में बीजेपी ने छुरिया नगर पंचायत के 8 पार्षदों को पार्टी से बाहर कर दिया है। इनके खिलाफ पार्टी विरोधी गतिविधि करने के चलते कार्रवाई की गई है। कहा गया है कि आप सभी को पहले भी इस संबंध में नोटिस जारी किया गया था। मगर आपकी तरफ से कोई उचित जवाब भी नहीं दिया गया। इसलिए आप सभी को 6 साल के लिए पार्टी से निष्काशित किया जा रहा है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।



इससे पहले छुरिया नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सलमान खान ने अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा(कांग्रेस) के खिलाफ दुकान आवंटन में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए रविवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। बीजेपी जिला अध्यक्ष मधुसूदन यादव की तरफ से जारी किए गए आदेश में, वार्ड नंबर 12 की पार्षद त्रिवेणी कुंभकार, वार्ड नंबर 14 के पार्षद भूषण ठाकुर, वार्ड नंबर 6 की पार्षद भारती रजक, वार्ड नंबर 3 के पार्षद सलमान खान, योगेश्वर पटेल, द्रौपति मंडावी, रमेश कश्यप और वार्ड नंबर 4 की पार्षद सीमा सिन्हा का नाम शामिल है। इन सभी को पार्टी से 6 साल के लिए निष्काशित कर दिया गया है।

### कबाड़ी ने निगम परिसर से 8 लाख का सामान उड़ाया

# पिकअप लेकर साथियों के साथ पहुंचा और चोरी कर ले गया माल, अब 9 गिरफ्तार

**भिलाई।** भिलाई चरोदा नगर पालिका के सिरसाकला कंपोस्ट शेड के अंदर से लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। कुछ आरोपियों ने वहां पानी की पाइपलाइन का रखा सामान पार कर दिया। पुलिस ने चोरी के सामान व दो पिकअप सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

भिलाई तीन पुलिस के मुताबिक भिलाई चरोदा नगर निगम के उप अभियंता हेमंत कुमार ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि निगम के कम्पोस्ट शेड सिरसाकला में 8 लाख रुपए से अधिक कीमत का पीएचई का सामान रखा हुआ था। इस सामान में एमजे कम्प्रेशन, ज्वाईंटर, एमजे कॉलर, कपलिंग जॉइंट, स्लूश वाल, डीआई बैंड कुल 8 लाख रुपए का माल शामिल था। 16 जून की देर रात 12.00 बजे कोई अज्ञात चोर आया ओर पूरा सामान चोरी कर ले गया। भिलाई तीन पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण को जांच में लिया।



### चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार आरोपी

जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पेशे कबाड़ी और पुरैना निवासी प्रभाकर पांडे अपने साथी अनिल यादव, बाल मुकुंद, टिकेश्वर के साथ निगम कम्पोस्ट शेड की तरफ घटना की देर रात देखा गया था। सूत्र ने बताया कि वह अपने पिकअप वाहन में सामान चोरी कर ले गया है। पुलिस को यह पता चला कि घटना समय में पाण्डेय के साथ ही वहां दूसरा कबाड़ी संत सिंह उर्फ बुग्गी भी मौजूद था। वह अपने साथी हर्ष कुमार सिंह, विजय विश्वकर्मा, गोविंद कुमार वर्मा एवं देवानंद निषाद के साथ मिलकर अपने पिकअप में चोरी कर ले गया है।

# भाजपा नेता कुंठा के शिकार हैं, मनोचिकित्सक की सलाह लें- कांग्रेस

**रायपुर ।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विरुद्ध दिए गए बयान की निंदा करते हुए कहा कि राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ का लाइव प्रसारण किये जाने की मांग पर भाजपा तिलमिला रही है तो इसका सीधा अर्थ यह है कि भाजपा के दबाव में ईडी विपक्ष को प्रताड़ित कर रही है।

कांग्रेस ने कुछ गलत नहीं किया और न कभी गलत को बर्दाश्त कर सकती। देश की जनता के सामने यह सच्चाई आ गई है कि मोदी सरकार हिटलर से भी आगे निकल गई है। भाजपा यह जान ले कि यह भारत है। यहां लोकतंत्र को कुचलने वालों के गलत इरादे रखने वालों को जनता उनके अंजाम तक पहुंचा देगी।

### रायपुर का एक्सप्रेस-वे जल्द चालू होगा

# लोक निर्माण मंत्री ने किया दावा, 2019 में खुलने के बाद धंस गई थी सड़क

रायपुर। छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा है, रायपुर के लोगों को बहुत जल्द एक्सप्रेस-वे की सौगात मिल जाएगी। एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही इसे जनता के नाम लोकार्पित कर दिया जाएगा। इस एक्सप्रेस-वे को 2018 में ही लोकार्पित किया था, लेकिन 2019 में सड़क धंस जाने की वजह से भ्रष्टाचार सामने आया और सरकार ने इसे बंद कर दिया।



पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने रायपुर शहर के ट्रैफिक जाम को कम करने रायपुर धमतरी छोटी रेल लाइन को बंद कर 313 करोड़ रुपए की लागत से एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया। 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने आनन-फानन में इसका लोकार्पण भी कर दिया। मई 2019 में एक्सप्रेस-वे को ट्रायल के लिए खोला गया था, लेकिन 8 अगस्त को तेलीबांधा ओवरब्रिज का एक हिस्सा धसक गया था। इसकी वजह से एक कार पलट गई और यात्री घायल हो गए। सरकार ने उसके बाद अलग-अलग एजेंसियों से इसकी जांच कराई और काम रुक गया। विभाग ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई कर एक्सप्रेस-वे बनाने का काम दोबारा शुरू किया। लेकिन कोरोना और लॉकडाउन की वजह से काम खत्म करने की डेडलाइन हर बार आगे बढ़ती गई। बताया जा रहा है, एक्सप्रेस-वे के पूरी तरह से शुरू होने के बाद राजधानी को ट्रेफिक के दबाव से बड़ी राहत मिलेगी। इस सड़क के शुरू होने के बाद नवा रायपुर और रायपुर की दूरी भी महज 20 से 25 मिनट की रह जाएगी। एक्सप्रेस-वे जेल रोड से स्टेशन रोड, केनाल रोड, तेलीबांधा, वीआईपी रोड, मोवा, लोधीपारा रोड के इर्द-गिर्द के 70 हजार से ज्यादा लोगों को आसान रास्ता देगा।

### सभी सड़कों को डबल लेन करना है

मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा, प्रदेश में पहले सिंगल लेन की सड़कों की संख्या ज्यादा थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशों के बाद अब ज्यादातर सिंगल लेन सड़कों को डबल लेन में बदल दिया गया है। ऐसा इसलिए ताकि आवागमन में कहीं कोई समस्या ना रहे और लोगों को इससे लाभ मिले।

## योग दिवस... 5000 लोग एक साथ करेंगे योग

# देश के 75 स्थानों में रायपुर भी शामिल, भाजपा के दिग्गज नेता करेंगे आसन

रायपुर। रायपुर में योग दिवस के मौके पर विशेष आयोजन किया जा रहा है। देशभर में एक साथ 75 जगहों पर योग के कार्यक्रम होंगे इनमें रायपुर भी शामिल है। 75 जगहों पर इस वजह से क्योंकि देश आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मना रहा है ।

अमृत महोत्सव को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम तय किया गया है।

रायपुर के आकाशवाणी चौक स्थित गास मेमोरियल ग्राउंड में योग दिवस के दिन 21 जून सुबह 6:00 बजे से 7:30 बजे तक योग का कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम देश के मशहूर योग गुरु बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ और भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा है। इस ग्राउंड में लगभग 5000 लोगों की क्षमता है जो योग कर सकेंगे।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

### वीर नारायण सिंह की याद में कार्यक्रम

भारतीय जनता पार्टी ने इस कार्यक्रम को शहीद वीर नारायण सिंह पर समर्पित किया है। दरअसल प्रदेश के सोनाखान इलाके से आने वाले वीर नारायण सिंह प्रदेश के पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी माने जाते हैं। उन्होंने कई क्रांतिकारी घटनाओं को अंजाम देते हुए अंग्रेजों को धूल चटाई थी। आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव की खुशी में योग दिवस का यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर नारायण सिंह को समर्पित है।

गास मेमोरियल ग्राउंड को 75 तरह के ध्वज से सजाया जा रहा है । 75 तरह के स्टैंडी और सेल्फी पॉइंट भी होंगे जिनमें योगासनों की जानकारी होगी ।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरें होंगी। इस कार्यक्रम में रायपुर के कई सामाजिक संगठन , शैक्षणिक संगठन, खेलकूद की समितियां धार्मिक संगठन ,शामिल होंगे कार्यक्रम में भाजपा जिले के 16 मंडल, रायपुर नगर निगम, बिरगांव नगर निगम, माना नगर पंचायत के पार्षद और उनके समर्थक शामिल होंगे । इसके अलावा भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, युवा भारत, महिला पतंजलि समिति ,पतंजलि किसान समिति के सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे ।कार्यक्रम में लोगों को आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के लोगो वाली टीशर्ट भी दी जाएगी।

# आदिवासी बालक आश्रम चोरी!

### भवन रातों-रात किया शिफ्ट, सुबह बच्चे स्कूल गए तो मिला ही नहीं; चोरी की शिकायत लेकर थाने पहुंचे ग्रामीण

**गरियाबंद।** साल 2009 में बोमन ईरानी अभिनीत एक मूवी आई थी वेलडन अब्बा। मूवी में गांव में सरकारी रुपयों से बावड़ी (कुआं) का निर्माण कराया जाता है, लेकिन मौके पर वह मिलती ही नहीं। वह चोरी की FIR दर्ज कराने थाने जाते हैं। ऐसा ही कुछ मामला छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में भी सामने आया है। यहां आदिवासी बालक आश्रम भवन निर्माण के लिए 10 साल पहले लाखों रुपए मिले थे, लेकिन स्कूल ही रातों-रात गायब हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने आश्रम चोरी की शिकायत थाने में दी है। दरअसल, यह सारा मामला आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र का है। मुख्यालय से करीब 22 किमी दूर बसे आदिवासी कमार जनजाति ग्राम पंचायत गोबरा के सरपंच रामस्वरूप मरकाम, पूर्व सरपंच रेखा ध्रुव सहित बड़ी संख्या में आदिवासी महिला-पुरुष मैनपुर थाने पहुंच गए। उन्होंने चोरी की FIR दर्ज करने के लिए आवेदन दिया। इसमें बताया गया आदिवासी बालक आश्रम स्कूल उनकी पंचायत बड़े गोबरा में साल 1989 से संचालित हो रहा था, लेकिन साल 2012-13 में अचानक चोरी हो गया।



# कितना संतोषजनक रहा अब तक का सत्र? क्या रहीं उपलब्धियां

विधायिका की तीन मुख्य जिम्मेदारियां होती हैं, कानून बनाने के लिए विधेयक पारित करना, जनहित के मुद्दों पर चर्चा करना और सरकार की जवाबदेही तय करना। संसद विधायी कामकाज पर चर्चा के अतिरिक्त प्रश्न काल, शून्यकाल, महत्वपूर्ण विषयों पर संसदीय नियामवली के अनुसार चर्चा और ध्यानाकर्षण के जरिए अपना मुख्य दायित्व निभाती है।

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को 303 सीटें मिली और पूर्ण बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी लगातार दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। 17 जून 2019 को 17वीं लोक सभा की पहली बैठक हुई थी। इस लिहाज से देखें तो 17वीं लोक सभा के तीन साल पूरे हुए हैं और बीते तीन सालों में कोरोना जैसे वैश्विक महामारी के बावजूद हमने संसद की सुनहरी तस्वीर देखी है जो भारत में संसदीय लोकतंत्र की मजबूती को दर्शाता है।

17वीं लोक सभा के तीन साल के आकड़े इसकी तस्दीक करते हैं। 17वीं लोक सभा के आठ सत्रों में कार्य उत्पादकता 106 प्रतिशत रही है जो 14वीं,15वीं और 16वीं लोक सभा के पहले तीन सत्रों से बहुत ज्यादा है।

कानून बनाना लोकसभा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से एक है। इसी से जनहित की बेहतर नीतियां लागू होती हैं और जनप्रतिनिधि अपनी भूमिका के साथ न्याय करते हैं। इस लिहाज से 17वीं लोकसभा के बीते तीन साल काफी महत्वपूर्ण रहे हैं। इन तीन वर्षों में लोक सभा में 139 विधेयक पेश हुए, जबकि 149 विधेयक सदन से पारित हुए हैं।

इनमें सबसे ज्यादा 35 विधेयक 17वीं लोक सभा के पहले सत्र में पारित हुए थे। 17वीं लोक सभा के पहले ही सत्र में भाजपा के एजेंडे में सबसे ऊपर रहे जम्मू कश्मीर में धारा 370 को हटाने और तीन तलाक कानून पर संसद की मोहर लग गई।

धारा 370 हटाना मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है, क्योंकि जनसंघ से भाजपा तक के सफर में यह उनके कार्यकर्ताओं की बीच सबसे बड़ा भावनात्मक मुद्दा था। अगर हम 17वीं लोक सभा में पारित कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों की बात करें तो



17वीं लोकसभा के तीन साल

> 17वीं लोक सभा के पहले सत्र में शून्यकाल का जितना उपयोग किया गया शायद ही कभी किया गया हो। 37 दिनों के कामकाज में 1066 मुद्दों को सांसदों ने शून्यकाल के दौरान उठाए जो एक रिकॉर्ड है।

जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, नागरिकता (संशोधन) विधेयक, इनसॉल्वेंसी और बैंकरप्सी संहिता (संशोधन) विधेयक, ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) विधेयक, मोटर वाहन (संशोधन) विधेयक, मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक, विदेशी अंशदान (विनियमन) विधेयक, चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक, आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) विधेयक और दिल्ली नगर निगम (संशोधन) विधेयक जैसे महत्वपूर्ण बिल संसद से पारित होकर कानून की शक्ल ले चुके हैं।

हालांकि तीनों कृषि कानून, जो साल 2020 के मानसून सत्र में संसद से पारित हुए थे उसे किसानों के भारी विरोध के कारण वर्ष 2021 के शीतकालीन सत्र में कृषि कानून रिपील विधेयक लाकर निरस्त कर दिया गया।

17वीं लोक सभा की शुरुआत ऐतिहासिक पहले सत्र के साथ हुई जिसमें रिकार्ड 35 विधेयक पारित हुए थे और कुल 37 बैठकों में 280 घंटे कामकाज हुआ। गौरतलब है कि पहले सत्र में एक भी मिनट व्यवधान से बाधित नहीं हुआ बल्कि 73 घंटे समय से ज्यादा बैठकर सांसदों ने विधायी कामकाज को निपटाया।

ऐसा नहीं कि 17वीं लोक सभा में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध की वजह से सदन का कामकाज बाधित न हुआ हो। अब तक 17वीं लोक सभा के आठ सत्रों में हुए कुल 176 बैठकों में 995 घंटे का कामकाज हुआ है और गतिरोध की वजह से 138 घंटे बर्बाद हुए हैं। 17वीं लोक सभा के छठे सत्र में पेगासस जासूसी मामला और केंद्र के तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर विपक्ष ने पूरे सत्र में भारी हंगामा किया। इसका नतीजा रहा कि सत्र के 77 घंटे से ज्यादा का समय सदन का बर्बाद हो गया। 17वीं लोक सभा में हंगामे की वजह से 138 घंटे सदन के बर्बाद हो चुके हैं लेकिन इसका सकारात्मक पक्ष यह है कि माननीयों ने 255 घंटे से ज्यादा समय सदन में देर तक बैठकर इसकी भरपाई भी कर दी है।

सूरज मोहन झा

## संपादकीय

### कांग्रेस का पटेल चैप्टर बंद

गुजरात में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी का पटेल चैप्टर बंद हो गया। कांग्रेस के डेकोरेटेड पटेल नेता हार्दिक पटेल पार्टी छोड़ कर चले गए हैं और अब भारतीय जनता पार्टी व नरेंद्र मोदी की जय जयकार कर रहे हैं। तो दूसरी ओर नरेश पटेल ने ऐलान कर दिया है कि वे अभी सक्रिय राजनीति में नहीं उतरेंगे। ध्यान रहे नरेश पटेल प्रभावशाली लेउवा पटेल समुदाय के नेता हैं और श्रीखोडलधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि समाज से जुड़े वरिष्ठ लोग नहीं चाहते हैं कि वे राजनीति में उतरें। वैसे भी प्रशांत किशोर के साथ कांग्रेस की डील फेल होने के बाद से ही लग रहा था कि नरेश पटेल कांग्रेस से दूर रहेंगे।

ध्यान रहे प्रशांत किशोर के कांग्रेस के साथ जुड़ने के समय ही नरेश पटेल के कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा हुई थी। प्रशांत किशोर ने ही उनकी कांग्रेस के बड़े नेताओं से मुलाकात कराई थी। पटेल की भी शर्त थी कि अगर प्रशांत किशोर कांग्रेस को चुनाव लड़ाते हैं तभी वे कांग्रेस से जुड़ेंगे। अब चूंकि उन्होंने सक्रिय राजनीति में उतरने से ही इनकार कर दिया इसलिए कांग्रेस से जुड़ने का सवाल ही नहीं है। इस तरह कांग्रेस एक बार फिर पटेल राजनीति करने से दूर हो गई। वैसे भी गुजरात में कांग्रेस कभी भी पटेल राजनीति नहीं करती थी। पिछले 30 साल से ज्यादा समय से पटेल भाजपा को वोट करते रहे हैं। पटेलों के उलट कांग्रेस का फोकस खाम समीकरण यानी क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी और मुस्लिम पर होता है। इस बार भी कांग्रेस इसी फॉर्मूले पर चुनाव लड़ेगी।

## आखिर इस घृणा का अंत कब होगा, उम्मीद की कुछ किरणें अब भी बाकी हैं

पिछले दिनों बांग्लादेश के लोकप्रिय अभिनेता चंचल चौधुरी ने जब यह बताया कि वह हिंदू हैं, तो उनके अनेक स्थानीय प्रशंसक स्तब्ध हो गए। यही नहीं, चंचल चौधुरी को तब एक शानदार अभिनेता के रूप में नहीं, बल्कि एक विधर्मी के रूप में देखा जाने लगा। हिंदुओं के प्रति मुसलमानों की घृणा, और मुस्लिमों के प्रति हिंदुओं की घृणा अब ऐसी चरम हो उठी है कि कभी-कभी मुझे बहुत डर लगने लगता है। यह भी जानने की इच्छा होती है कि आखिर इस घृणा का अंत कब होगा।

इस उपमहाद्वीप में अविश्वास और घृणा के मौजूदा चरम रूप को देखकर लगता है कि 1947 में विभाजन के समय भारतीय मुसलमानों ने पाकिस्तान न जाकर गलती की थी। आज उनके वंशजों को बार-बार अपनी देशभक्ति का सबूत देना पड़ता है। ऐसे ही, पाकिस्तान से सभी हिंदुओं को भारत चले आना चाहिए था। आज वहां उनके वंशजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हिंदू लड़कियों का जबरन धर्मांतरण और निकाह वहां इतना आम है कि पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश से भी हिंदुओं का काफिला जब-तब भारत आता ही रहता है।

मैं बांग्लादेश में रह रहे ऐसे अनेक हिंदू परिवारों को जानती हूं, जिन्होंने अपने बच्चों के नाम के साथ टाइटिल नहीं लगाया है। जाहिर है, बगैर टाइटिल के यह पता लगाना मुश्किल है कि बच्चे हिंदू हैं या मुसलमान। इसी से पता चलता है कि बांग्लादेश में रह रहे हिंदू किस भय के माहौल में रह रहे हैं। गौर करने की बात है कि सांप्रदायिक विद्वेष को खत्म करने के लिए भारत से टूटकर पाकिस्तान बना। लेकिन सांप्रदायिक विद्वेष खत्म होना तो दूर, वह दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। कट्टरवाद जितना बढ़ता है, एक-दूसरे के प्रति घृणा भी उतनी ही बढ़ती है। सच्चाई यह है कि इस पूरे उपमहाद्वीप में अल्पसंख्यक समुदाय बहुसंख्यक वर्चस्ववाद के निरंतर निशाने पर है। हालांकि यह भी ध्यान देने की बात है कि बहुसंख्यक समुदाय से जुड़ा हर आदमी वर्चस्ववादी सोच का परिचय देता हो या अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से घृणा करता हो, ऐसा नहीं है। दोनों ही समुदायों में उदार, नीतिप्रवण, घृणा और हिंसा-विरोधी तथा सांप्रदायिक सद्भाव संपन्न लोग हैं।



इस दौर में उदारता

> **पिछले अट्ठाईस साल से बांग्लादेश मेरे मानवाधिकार का जिस तरह उल्लंघन करता आ रहा है, वही लोकतंत्र के मामले में उस देश का रिकॉर्ड बताने के लिए काफी है। इस विशाल ब्रह्मांड के एक छोटे-से ग्रह में हम मनुष्यों का वास है, जिनकी आयु भी बहुत नहीं होती। मृत्यु के जरिये हमारे इस छोटे-से जीवन का एक दिन अंत हो जाता है।**

ऐसे लोग हैं, तभी मानवता के प्रति उम्मीद अभी बनी हुई है। यह भरोसा है कि दोतरफा अविश्वास और घृणा से भरे लोग इस उपमहाद्वीप को हिंसा की आग में जला देने की अपनी कुटिल मंशा में सफल नहीं हो पाएंगे। अल्पसंख्यकों को भयभीत करना, उनके खिलाफ फतवे जारी करना, उन्हें सख्त दंड देने के लिए सड़कों पर उतरना मानवता नहीं है। मानवता के सबसे सुंदर दृश्य वे हैं, जब बहुसंख्यक समुदाय के लोग अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरते हैं।

आखिर सांप्रदायिक हिंसा के भयभीत करने वाले अतीत के उदाहरणों में भी डरे हुए विधर्मियों को अपने घरों में छिपाकर शरण देने के उज्ज्वल दृष्टांतों से हमारा इतिहास भरा हुआ है। जो लोग अपने समुदाय, अपने धर्म के लोगों के लिए दूसरे समुदाय और दूसरे धर्म के लोगों को निशाना बनाते हैं, वे प्रणम्य या वरेण्य नहीं हैं। दूसरे धर्म के लोगों को अभय देने वाले, उनकी रक्षा करने वाले निस्स्वार्थ लोग ही वास्तव में प्रणम्य हैं। इस 21वीं शताब्दी में धर्मस्थलों के लिए हिंसक विवाद खड़ा करने को क्या कहा जाए! विकासमूलक सोच तो वह है, जिसके तहत विज्ञान अकादमी, नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम, आधुनिक विश्वविद्यालय और आधुनिक अस्पताल के निर्माणों को प्राथमिकता दी जाती है, सबकी शिक्षा और सबके स्वास्थ्य की चिंता की जाती है, अमीरी और गरीबी की खाई कम करने की दिशा में कदम उठाए जाते हैं।

तस्लीमा नसरीन

## मिला जुला

## अग्निपथ पर बवाल के बाद बैकफुट पर केंद्र सरकार, स्कीम में किए बदलाव

**नई दिल्ली।** अग्निपथ स्कीम की लॉन्चिंग 14 जून को केंद्र सरकार ने बड़े उत्साह के साथ की. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीनों सेना प्रमुखों के साथ सेना में भर्ती स्कीम की खूबियां बताईं. एक-दो दिन तो देश के युवाओं को इस स्कीम को समझने में लग गए. लेकिन जैसे ही इस स्कीम की डिटेल युवाओं को समझ में आई वे सड़क पर आ गए. आज इस योजना के विरोध में कई संगठनों ने भारत बंद का ऐलान किया है. युवाओं की सबसे ज्यादा नाराजगी 4 साल की सेवा अवधि को लेकर है. युवाओं के अलावा नेताओं ने भी कहा कि 18 साल में नौकरी शुरू कर युवा 22 साल में बेरोजगार हो जाएंगे तो इसके बाद उनका क्या होगा?

16 -17 और 18 जून को इस योजना का इतना भयानक विरोध हुआ कि सरकार बैकफुट पर आ गई. इसके बाद सरकार ने इस योजना में एक के बाद एक कई बदलाव किए और प्रदर्शनकारी छात्रों का गुस्सा शांत करने की कोशिश की।



### रक्षा मंत्रालय की भर्तियों में 10% आरक्षण

भविष्य के अग्निवीरों की सबसे नाराजगी इस बात को लेकर थी कि हर साल अग्निपथ स्कीम से बाहर होने वाले 75 फीसदी कैडर का क्या होगा? केंद्र सरकार ने इसका हल निकालने की कोशिश की। रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अग्निवीरों को रक्षा मंत्रालय की नौकरियों में 10% तक आरक्षण मिलेगा. ये 10% आरक्षण भारतीय तटरक्षक बल और दूसरे सिविलियन पोस्ट और सभी 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में लागू किया जाएगा. यह आरक्षण भूतपूर्व सैनिकों के लिए मौजूदा आरक्षण के अलावा होगा।

### CAPF की भर्ती में 10 परसेंट रिजर्वेशन

इससे पहले 18 जून शनिवार को गृह मंत्रालय ने अग्निवीरों के लिए एक और ऐलान किया था. गृह मंत्रालय ने कहा कि जब अग्निवीर 4 साल की सेवा के बाद बाहर आते हैं तो उनके लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और असम राइफल्स की नौकरियों में उन्हें 10 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा. इसके अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और असम राइफल्स में अग्निवीरों की भर्ती में उपरी आयु सीमा में 3 साल की छूट दी जाएगी. जबकि अग्निवीरों के पहले बैच के लिए ये छूट 5 साल होगी.

### आयु सीमा में छूट

अग्निपथ स्कीम की लॉन्चिंग के साथ कई छात्रों ने इस बात को लेकर चिंता जताई कि पिछले दो सालों में कोरोना की वजह से भर्तियां नहीं हुई हैं. इसलिए वे अग्निपथ स्कीम के तहत जरूरी उम्र सीमा के दायरे से बाहर आ जाएंगे.

### पटना विमान हादसा

## पूरे देश में हो रही कैप्टन मोनिका खन्ना की तारीफ, सिंगल इंजन पर इमरजेंसी लैंडिंग कर बचाई 191 जानें

**पटना।** बिहार के पटना में रविवार को बड़ा विमान हादसा टल गया। टेक-ऑफ के दौरान विमान के इंजन से पक्षी टकरा गया और उसमें आग लग गई। कुछ देर हवा में रहने के बाद विमान ने सिंगल इंजन के साथ इमरजेंसी लैंडिंग की। बहुत कम लोगों को पता है कि स्पाइसजेट के जिस विमान के साथ यह हादसा हुआ, उसे कैप्टन मोनिका खन्ना उड़ा रही थीं। अब पूरे देश में कैप्टन मोनिका खन्ना की तारीफ हो रही है कि किस तरह बड़ी कुशलता के साथ उन्होंने सिंगल इंजन पर विमान को सुरक्षित लैंड करवाया और विमान में सवार 185 यात्रियों समेत कुल 191 लोगों की जान बचा ली।

फ्लाइट एसजी 723 की पायलट इन कमांड (पीआईसी) कैप्टन मोनिका खन्ना ने आग की भनक लगते ही प्रभावित इंजन को बंद कर दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।



स्पाइसजेट ने भी कैप्टन मोनिका खन्ना की तारीफ की, क्योंकि पटना हवाई क्षेत्र के आसपास ऊंचे पड़े हैं और यहां लैंडिंग उतनी आसान नहीं है। स्पाइस जेट की ओर से जारी बयान के अनुसार, कैप्टन मोनिका खन्ना और उनके साथ सेवाएं दे रहे फर्स्ट ऑफिस बलप्रीत सिंह भाटिया ने घटना के दौरान होशियारी से काम लिया। वे पूरे समय शांत रहे और विमान को अच्छी तरह से संभाला। वे अनुभवी अधिकारी हैं और हमें उन पर गर्व है।

### जानिए पूरा घटनाक्रम

स्पाइसजेट विमान एसजी-723 के इंजन में रविवार को पटना से दिल्ली के लिए उड़ान भरने के दौरान आग लग गई। इस वजह से प्लेन से तेज आवाज भी आ रही थी। इस पर स्थानीय लोगों ने तत्काल जिला कंट्रोल रूम को सूचना दी। विमान में आग की लपटों को एटीसी टावर में बैठे तकनीशियनों ने भी देखा और तुरंत पायलट को सूचित किया और विमान को पटना हवाई अड्डे पर उतरने के लिए कहा।

### कैसे राष्ट्रपति उम्मीदवार चुन पाएगा विपक्ष

## शरद पवार और फारूक अब्दुल्ला हटे पीछे, ममता का बैठक से ही किनारा

**राष्ट्रपति** चुनाव में विपक्षी दल अभी भी उम्मीदवार की तलाश में हैं। एक के बाद एक बैठकें जारी हैं, लेकिन किसी नाम पर सहमति नहीं बनती दिख रही। इसी बीच बड़े नेताओं का %पीछे हटना% भी देरी का कारण हो सकता है। पहले जहां विपक्षी दलों को साथ लाने की कोशिश में जुटीं तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी अब खुद चर्चा से दूरी बना रही हैं। खबर है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार की तरफ से बुलाई गई बैठक में मुख्यमंत्री बनर्जी नदारद रहेंगी। इधर, कांग्रेस भी चर्चाओं में



कम सक्रिय नजर आ रही है।

**चर्चाएं शुरू हुईं तो नेता ही पीछे हटते जा रहे हैं!** - नाम वापसी या पीछे हटने की शुरुआत आगामी बैठक की अगुवाई करने जा रहे पवार से होती है। राष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए राकंपा प्रमुख का नाम आगे था, जिसमें कई दलों ने सहमति भी जताई थी। कहा जा रहा था कि छोटे दल भी पवार के हक में हैं। लेकिन महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता खुद ही प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

### असम में बाढ़

## 42 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित, 24 घंटे में 9 की मौत, 8 लापता

**असम।** असम में बाढ़ की स्थिति शनिवार को और बिगड़ गई, जिससे 33 जिलों में प्रभावितों की संख्या बढ़कर 42.28 लाख हो गई. इस साल के मौजूदा बाढ़ में पांच दिनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई. इसके साथ ही इस साल की बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 71 हो गई है. पिछले 24 घंटों में तीन बच्चों सहित नौ और लोगों की मौत हुई है। बताया जा रहा है कि बाढ़ के पानी में डूबने से छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य भूस्खलन में मारे गए. कछार जिले से



तीन मौतें हुईं, बारपेटा में दो लोगों की मौत हुई, इसके बाद बजली, कामरूप, करीमगंज और उदलगुरी जिलों में एक-एक मौत हुई है. वहीं, आठ लोगों के लापता होने की खबर है. डिब्रूगढ़ से चार लोग, जबकि कछार, होजई, तामूलपुर और उदलगुरी जिलों से एक-एक लापता है।

**सबसे अधिक बारपेटा जिले में बाढ़ ने मचाई है तबाही** - वर्तमान में 5137 गांव बाढ़ के चपेट में हैं. बारपेटा सबसे ज्यादा प्रभावित जिला है जहां 12.76 लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं. दरांग में करीब चार लाख लोग बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं जबकि नगांव में 3.64 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ के कारण पीड़ित हैं. बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने अब सब कुछ भगवान पर छोड़ दिया है क्योंकि स्थिति बदतर होती जा रही है।

## कानपुर- बेटे के साथ विवाद में शेयर कारोबारी ने चलाई 30 राउंड गोलियां, तीन पुलिसकर्मी घायल

**कानपुर।** कानपुर के श्याम नगर में रविवार को कई घंटे तक दहशत का माहौल बना रहा. एक शेयर कारोबारी ने अपने बेटे से विवाद के बाद फायरिंग का ऐसा तांडव मचाया कि कई घंटों तक पुलिस और इलाके के लोगों में अफरा-तफरी मची रही. इस दौरान शेयर कारोबारी ने 2 घंटे में 30 फायर झोंक दिए. उसने पुलिस पर सीधे फायर किए, जिससे पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं 3 पुलिसकर्मी घायल हो गए. दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने किसी तरह घर में घुसकर आरोपी को काबू में किया. पुलिसकर्मी और अधिकारी सभी बुलेट प्रूफ जैकेट



पहने रहे। जानकारी के अनुसार, श्याम नगर निवासी शेयर कारोबारी राजकुमार दुबे का बेटे सिद्धार्थ से विवाद हो गया. राजकुमार आक्रोशित होकर मोहल्ले में फायरिंग शुरू कर दी. सूचना पर पुलिस पहुंची तो उसने पुलिस पर भी फायर किए. फायरिंग से घबराई पुलिस ने तुरंत बुलेट प्रूफ जैकेट मंगवाए. इसके बाद इलाके को आसपास से कवर किया।

# नपाध्यक्ष के खिलाफ कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव, जनहित की अनदेखी और मनमानी की शिकायत

## भाजपा के प्रकाश का विश्वास ध्वस्त होगा विपक्ष का प्रस्ताव, जादुई आंकड़ा करेगा कमाल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

स्थानीय नगर पालिका परिषद में बीजेपी अध्यक्ष का ढ़ाई साल पूरा होने जा रहा है। इसके साथ ही विपक्षी कांग्रेस ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर के खिलाफविभिन्न आरोप लगाते हुए।



सोमवार को उपाध्यक्ष व वार्ड तीन के पार्षद कृष्णा चंद्राकर, वार्ड 15 की पार्षद व नेता प्रतिपक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, वार्ड 6 के पार्षद बबलू हरपाल, वार्ड 12 के पार्षद डमरूधर मांझी, वार्ड 13 की प्रीति बादल मक्कड़, वार्ड 18 के अमन चंद्राकर, वार्ड 19 की उर्मिला साहू, वार्ड 28 की अनिता विजय साव, वार्ड 29 के निखिलकांत साहू और पार्षद राजेश नेताम द्वारा कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर को संयुक्त हस्ताक्षर युक्त नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आवेदन सौंपा है। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने इस दौरान एक-एक कर सभी पार्षदों का नाम व हस्ताक्षर का मिलान करते हुए, बयान रिकॉर्ड किया है। पार्षदों ने अपने वार्ड का नाम और अविश्वास प्रस्ताव लाने का कारण बताया। अविश्वास प्रस्ताव में कांग्रेस पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर पर कई गंभीर आरोप लगाये है। पार्षदों का आरोप है किए अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर इन दो सालों में जनहित के कार्य करने के बजाए व्यक्तिगत फायदे के लिए कार्य करते रहे हैं। इस कारण जनहित का काम नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते पार्षदों को वार्डवासियों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेसीं पार्षदों का यह भी आरोप है किए नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर द्वारा परिषद के निर्णय को दर किनार किया जाता है। परिषद के निर्णय का क्रियान्वयन नहीं किया जाता है और नगरपालिका के सामान्य परिषद एवं प्रेसिडेंट इन काउंसिल द्वारा लिए गए संकल्पों को तत्काल कार्यवाही पंजी में दर्ज नहीं किया जाता है। उपस्थित पंजी में पार्षदों के हस्ताक्षर लेने के बाद परिषद एवं प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक को में जो एजेंडा लाया जाता है उस पर चर्चा उपरांत सादा पेपर पर लिख कर रख लिया जाता है और बाद में हठपूर्वक उन विषयों को भी कार्रवाई भी पंजी पर दर्ज कर लिया जाता है। जो विषय एजेंडा में रहता ही नहीं है या वह विषय बैठक में विचार हेतु आया ही नहीं रहता है। इसी प्रकार धन संबंधी एवं नीतिगत अनेक प्रस्ताव अनुमोदन परिषदए प्रेसिडेंट इन काउंसिल सदस्य की जानकारी बिना कार्रवाई पंजी में दर्ज कर लिया जाता है।

नगर को सजाना सवारने के बजाय नगर को उजाड़ दिया गया है। पद का दुरुपयोग किया जा रहा है। कांग्रेस पार्षदों का कहना है जनहित को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर का पद पर बना रहना अवांछनीय हो गया है। उनको अध्यक्ष पद से अभिलंब हटाया जाना अति आवश्यक हो गया है। पार्षदों ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 यथा संशोधित की धारा 43 के तहत नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। वही नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर का कहना है कि कांग्रेस ने जो अविश्वास प्रस्ताव लाया है वह पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगा। प्रदेशभर में नगर पालिका महासमुंद ने विकास के नये आयाम गढ़े हैं। आरोप लगाना आसान है। कांग्रेसी पार्षदों के पास कोई प्रमाण नहीं है। उनका काम ही विरोध करना है। हमारे पास जादुई आंकड़ा है समय आने पर इस आंकड़े का कमाल विपक्षी देखेगी। इस पूरे मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार क्षीरसागर का कहना है किए अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन आया है जो विधि सम्मत कार्यवाही होगी वो की जायेगी।



# एक नजर

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

## स्व. कवासी हड़मा इनडोर स्टेडियम सुकमा में होगा जिला स्तरीय आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंगलवार 21 जून को प्रातः 7 से 8 बजे तक स्व.कवासी हड़मा इनडोर स्टेडियम सुकमा में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिशुपाल सोरी, संसदीय सचिव होंगे। जिले के जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी स्कूली छात्र-छात्राएं और आम नागरिक सामूहिक योग में शामिल होंगे।

## उप निर्वाचन जनपद पंचायत सदस्यों, सरपंचों, पंचों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए मतदान 28 जून को

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नवा रायपुर के द्वारा छग पंचायत राज अधिनियम एवं सहपठित छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम के तहत् प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए प्रदेश के समस्त जिलों के अंतर्गत् परिशिष्ट में उपनिर्वाचन जनपद पंचायत सदस्यों, सरपंचों, पंचों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन हेतु छग पंचायत निर्वाचन नियम की अपेक्षा अनुसार समय.अनुसूची विहित किया गया है। जिसके अंतर्गत् 13 जून को निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर 28 जून को प्रातः 7 बजे अपरान्ह 3 बजे तक मतदान तथा मतदान समाप्ति के बाद मतगणना हेतु निर्धारित किया गया है। 30 जून को पंचए सरपंच और जनपद पंचायत सदस्य की निर्वाचन परिणाम की घोषणा किया जाएगा।

## 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम रणजीता स्टेडियम में होगा आयोजित

### प्रात: 7 से 8 बजे के मध्य होगा योगाभ्यास

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

21 जून 2022 को आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय आयोजन रणजीता स्टेडियम ग्राउण्ड, जशपुरनगर में किया जाना है। बारिस होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर के विद्यालय परिसर में नियत किये जायेगें।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केएस मण्डावी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राप्त 7. बजे से 8 बजे के मध्यम योगा फोर ह्यूमैनटि पर केन्द्रित जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का प्रदर्शन कोविड.19 के सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए किया जाएगा। उन्होनें 21 जून को नियत समय से आधा घंटा पूर्व जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों को स्टॉफ के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने के लिए अपील की है। इसी प्रकार जिला पंचायत सीईओ मण्डावी ने आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धार्मिकए पर्यटन और ऐतिहासिक स्थलों पर सामूहिक योग प्रदर्शन का विशेष आयेजन करने हेतु छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिले के तीन विकासखण्ड में स्थलों का चयन किया गया है। जिसमें कुनकुरी विकासखण्ड के महागिरजा घरए दुलदुला विकासखण्ड के कस्तूरा में जगन्नाथ मंदिर के पास और बगीचा विकासखण्ड के सामरबहार शामिल हैं।

## दर्री पुलिस ने राजीव नगर में लगाया चलित थाना

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल के द्वारा कोरबा पुलिस को आम जनों से जोड़ने के अभिनव प्रयास किए जा रहें हैं। तुहंर पुलिस तुहंर द्वार, पुलिस संगवारी जैसे कार्यक्रमों के जरिए जनता से सीधे संवाद किया जाकर, उन्हें पुलिस को अपना मित्र और सहयोगी समझने की पहल की जा रही है। वहीं इस दिशा में चलित थाना लगाकर जनता की समस्यायों को उनके निकट ही पहुंचकर दूर करने का प्रयास भी प्रांरभ किया गया है। इसी तारतम्य में दर्री पुलिस के द्वारा 19 जून 22 की शाम राजीव नगर मोहल्ला में चलित थाने का आयोजन किया गया। इसमें दर्री सीएसपी सुश्री लितेश सिंह की अगुवाई में अनिता खेस और दर्री पुलिस की टीम ने आम लोगो के मध्य बैठकर उनके साथ उनकी परेशानियां जानी और छोटी बातों का मौके पर ही समाधान भी किया। बस्ती वालो ने इसमें शामिल होकर पुलिस के साथ खुलकर बातें की गई।

## नवयुवकों को दिया जा रहा नि:शुल्क तीरंदाजी का प्रशिक्षण

**कोरबा** । जिले के युवकों में भी तीरंदाजी के गुर सीखने की ललक देखी जा रही। एसईसीएल सेंट्रल वर्कशाप स्टेडियम में इन दिनों धनुर विद्या की पाठशाला लग रही। यहां नवयुवकों को निश्शुल्क तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा। यही नहीं प्रशिक्षण लेने के बाद खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए मेडल भी हासिल कर रहे। संसाधनों की कमी की वजह से खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी नहीं कर पा रहे। दरअसल तीरंदाजी के खेल में इस्तेमाल होने वाले उपकरण इतने महंगे हैं कि उनके बजट से कोसों दूर है। कोल इंडिया के साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल कार्यरत सेदराम यादव पिछले छह साल से कोल इंडिया में तीरंदाजी के चैंपियन हैं। सेंट्रल वर्कशाप में कार्यरत सेदराम का कहना है कि मुझे तीरंदाजी का शौक है और बचपन से ही इस खेल को खेलते आ रहा हूं। वर्तमान में अपने वर्ग में मैं कोल इंडिया चैंपियन हूं। अब नए खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए स्टेडियम में नि:शुल्क समर कैंप का आयोजन कर रहे हैं।

# मोहतरा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में 178 आवेदनों का हुआ निराकरण

### संसदीय सचिव एवं कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित होकर सुनी लोगों की समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जिला प्रशासन द्वारा स्वयं ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। आज सोमवार को विकासखण्ड नवागढ़ के सुदूरवर्ती ग्राम मोहतरा में मानसून की रिमझिम फू हारों के बीच आयोजित जनचौपाल शिविर में मांग एवं शिकायत के प्राप्त 266 आवेदनों में से 178 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। ग्रामीणों को अपनी विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए सफर तय कर जिला मुख्यालय आना पड़ता है इससे उनका आने-जाने का समय एवं बस किराया। ईंधन की बचत हुई। क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे, कलेक्टर बेमेतरा विलास भोसकर संदीपान, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह छवई सहित जिला स्तर के अधिकारी सम्मिलित हुए। संसदीय सचिव एवं कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा विभागीय अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कृषि विभाग द्वारा 17 किसानों को सोयाबीन सुगंधित धान एवं अरहर के बीज वितरित किए गये। मछली पालन विभाग द्वारा 8 मत्स्य कृषकों को आईस बॉक्स का वितरण किया गया। शिविर में सर्वाधिक 166 आवेदन राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हुए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों को नि:शुल्क दवा वितरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 10 किसानों को किसान किताब ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया। आय, जाति एवं निवास के 113 प्रमाण पत्र तैयार कर मौके पर ही वितरण किया गया। 17 किसानों को रिकार्ड दुरुस्त किया गया। 6 किसानों का नामांतरण किया गया। शिविर में कृषि, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति जनजाति, उद्यानिकी, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, मत्स्य, महिला बाल विकास, विद्युत, श्रम, जिला अंत्यावसायी, क्रेडा एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों ने विभाग द्वारा संचालित शासन की योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। संसदीय सचिव बंजारे ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंए इसी उद्देश्य से कलेक्टर और सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थिति में जन चौपाल शिविर के माध्यम से समस्याएं सुनकर मौके पर निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी संवेदनशील होकर आवेदनों का निराकरण समय-सीमा के भीतर करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि संबंधित आवेदक को निराकृत प्रकरणों की वस्तुस्थिति के संबंध मे अवगत करना सुनिश्चित करें। जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित पुस्तक, पॉम्प्लेट एवं जनमन का नि:शुल्क वितरण किया गया। शिविर में अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी नवागढ़ प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव म्हस्के, जनपद पंचायत सीईओ कु. प्रज्ञा यादव, स्थानीय सरपंच ग्राम पंचायत मोहतरा ओमकार साहू, जनपद सदस्य महेश टण्डन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। हितग्राही हुए लाभान्वित मछली पालन विभाग द्वारा 8 हितग्राहियों को आइसबॉक्स एवं फिश माउण्ट का वितरण किया गया इनमें रामजानकी स्वसहायता समूह मोहतरा, महिला लक्ष्मी स्वसहायता समूह अमोरा, पुष्पा महिला स्वसहायता समूह झिलगा बेवरा, गुरुघासीदास स्वसहायता समूह खटई, जय शारदा मछुवा सहकारी समिति मर्या. मेहना, ग्राम खाम्ही के संतोष निषाद, नवागढ़ निवासी अजय निषाद एवं परमानंद निषाद शामिल है। कृषि विभाग द्वारा ग्राम बघुली के चंद्रभान, फगुराम, रामाधार, लच्छन, चतुर एवं कुंवारु को 30-30 किग्रा. का सोयाबीन बीज, ग्राम कंवराजेवरा के भागवत, रोहित रविन्द्र यशवंत बालाराम, डोमन को 30.30 किग्रा. का सुगंधित धान एवं ग्राम मुरता के कौशलदास, दिलेश्वर, पुरुषोत्तम, भीखमचंद, हेमंत को 4.4 किग्रा. का अरहर बीज नि:शुल्क वितरण किया गया।

# अग्निवीर के खिलाफ हिंसा और आगजनी के पीछे कांग्रेस का षड़यंत्र-दुलीकेशन साहू

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



अग्निवीर मुद्दे पर असामाजिक तत्वों द्वारा की जा रही हिंसा व आगजनी पर कांग्रेस व विपक्षी पार्टियों द्वारा इसके लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराए जाने पर, जिला महामंत्री दुलीकेशन साहू ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए, कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों को लताड़ लगाई हैं। साहू ने कहा कि यह वही कांग्रेस और विपक्षी पार्टिया है जो खुद को महात्मा गांधी के सिद्धांतों में चलने वाली बताती हैं। महात्मा गांधी आज विश्व में अहिंसा के सबसे बड़े पर्याय है लेकिन कांग्रेस और विपक्षी पार्टिया आज अग्निवीर मुद्दे पर मोदी सरकार का विरोध करते हुए हिंसा व आगजनी कर रहे हैं। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध एक शब्द भी नहीं बोलकर उन्हे अपना मौन समर्थन देरहे हैं। यही कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों का असली चरित्र है। साहू ने यह भी कहा है किए मुद्दों की राजनीति पर मोदी सरकार से हमेशा मुंह की खाने वाली कांग्रेस देशवासियों को लगातार मोदी सरकार के विरुद्ध भड़काने का प्रयास कर रही है। इसके लिए चाहे देश मै आग ही क्यों ना लग जाए। विशेष पार्टी गांधी परिवार को बचाने के लिए इन असमाजिक तत्वों को बढ़ावा दे रही है लेकिन मोदी सरकार, ओछी राजनीति करने वाली कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों के साथ. साथ असामाजिक तत्वों से भी निपटना बखूबी जानती है। साहू ने कहा कि भारत एक महान लोकतांत्रिक देश है और यहां हर किसी को विरोध प्रदर्शन करने की पूरी अनुमति है। शर्त यह है किए विरोध प्रदर्शन तरीके से होना चाहिए लेकिन यहां अग्निवीर मुद्दे पर कांग्रेस व विपक्षी पार्टियों के बहकावे में आकर आगजनी कर रहे हैं इससे देश को आर्थिक क्षति तो पहुंच ही रही है साथ-साथ हिंसा व आगजनी में लिप्त नासमझ युवाओं का भविष्य भी बर्बाद हो जाएगा। दुर्भाग्य यह है कि पढ़े लिखे युवा भी कांग्रेसी और विपक्षी पार्टियों के इस षड्यंत्र को नहीं समझ पा रहे हैं। नासमझी में आज जो युवा हिंसा व आगजनी कर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे है उन्हें आने वाले दिनों में जब अग्निवीर योजना के फायदे मालूम होंगे । इसके बाद वे अपने द्वारा किए जा रहे आज के कृत्य के लिए अपने आप को कोसते ही रहेंगे। के अनुसार भाजपा द्वारा बनाई जाने वाली प्रत्येक योजना देश हित में होती है जिन्हें काफी सोच समझकर और गहन चिंतन मनन के बाद लागू किया जाता है। अग्निवीर भी ऐसी ही योजना है इसका स्वागत किया जाना चाहिए।

# अंशकालीन सेवा को पूर्णकालीन करने ब्लाक के 209 सफाईकर्मियों ने ज्ञापन सौंपा

### मांग पूरी नहीं हुयी तो जायेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



प्रदेशभर में सफाई कर्मचारी अब अपनी एकसूत्रीय मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। अंशकालीन सेवा को पूर्णकालीन करने की एक मात्र इनकी मांग है। देवभोग ब्लाक मे भी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शालाओं के 209 सफाई कर्मी अपनी मांग को लेकर सीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। मण्डी परिसर से रैली निकालकर एसडीएम के दफ्तर पहुंचकर सफाई कर्मीयो ने एसडीएम के नहीं होने पर कार्यालयीन लिपिक को ज्ञापन सौंपा। बीते कई वर्षो से सफाई कर्मी इस मांग को लेकर कई बार शासन प्रशासन से मिले है पर इनकी मांग पर अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। इस अवसर पर सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष सदाराम प्रधान उपाध्यक्ष विदूर राम बघेल सचिव टेकराम नागेश,कोषाधायक्ष शशिधर मांझी सहित टिकम सिंह यादव,शांति बिहारी, दयाशंकर सोना चैतनराम ध्रुव,राजकुमार नेताम जलन्धर सिन्हा, मीडिया प्रभारी उग्रेसिंह नागेश राजेन्द्र यादव,हेमलाल,नृपेन्द्र मांझी,आत्माराम,बंशीधर अभिमन्यु,पोखराज, जितेन्द्र,नरेश के अलावा सभी सफाई कर्मी मौजूद थे।

### कांग्रेस ने घोषणा पत्र में पूर्णकालीक करने के किये थे वादे

सफाई कर्मीयो का कहना है चुनाव के समय सत्तारूढ कांग्रेस ने घोषणा पत्र में पूर्णकालीन करने के वादे किये थे। रैली के वक्त सफाई कर्मीयो ने सरकार के खिलाफ जमकर नारबाजी की। सरकार को चार वर्ष होने को है मगर सरकार ने इनसे किये वादे पूरे नहीं किये। सफाई कर्मीयो का कहना है घोषणा पत्र में अंशकालीन को पूर्णकालीन करने के वादे पर कांग्रेस को वोट दिया मगर सरकार में आने के बाद कांग्रेस अपना वादा भूल गयी जिसका खामियाजा आगामी चुनाव मे भुगतना पड़ेगा।

### 75 रूपये में कैसे करेंगे जीवनयापन

ज्ञापन सौंपने आये सफाई कर्मीयो के अध्यक्ष सदाराम प्रधान और मिडियाकर्मी उग्रे सिंह नागेश ने कहा उन्हें 2300 मासिक मानदेय मिलता है देखाजाये तो प्रतिदिन 75 रूपये प्रतिदिन मजदूरी मिल रहा है जो मनरेगा मजदूर के मजदूरी से आधे से कम है इसमें उनके परिवार का जीवनयापन कैसे हो सकता है। उनका कहना है सुबह दस बजे से बारह बजे तक दो घंटे ड्युटी करना पड़ता है ऐसे मे दोपहर को उन्हे अन्य प्रायवेट काम भी नही मिल पाता है और इन्ही 2300 रूपये मे ही महिना भर परिवार चलाना होता है। महिने भर के भारीभरकम खर्च के लिये ये कर्जदार हो गये है।

### यदि अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये तो क्या होगा स्कूलों का

ब्लाक में 209 पीएस और एमएस स्कूलों का सफाई इन्ही सफाई कर्मचारीयों के भरोसे चल रहा है।ठीक स्कुल खुलने के वक्त सफाई कर्मी अपनी एकसूत्रीय मांग को लेकर मोर्चा खोल दिये है ऐसे में अगर ये स्कुलो में नहीं गये तो स्कुलों की सफाई नहीं हो सकेगी और पाठशाला में गंदगी का आलम होगा। वही सफाई कर्मीयो भरोसा है ज्ञापन के बाद सरकार अब उनकी मांग को पूरी करेगी अब देखना होगा सरकार कब तक इनके मांग को पूरी करती है या सफाई कर्मीयो को आंदोलन के राह अपनाने पड़ेंगे।

# ग्राम पंचायत मखनपुर के आश्रित ग्राम गोपालपुर की सड़क अपनी स्थिति पर आंसू बहा रही

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जिला के नवागढ़ विकासखण्ड के क्षेत्र में आने वाला ग्राम पंचायत मखनपुर के आश्रित ग्राम गोपालपुर से अंधियारखोर तथा मक्खनपुर जाने के लिए लोगों को मुख्य मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है।





जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

मगर इस रास्ते पर इस कदर बारिश की बौछार है और अब बरसात के दिनों में तो बारिश होना तय है मगर रोड का बनना तय नहीं हो पा रहा है और इस तरह का आलम जिससे स्कूली बच्चे किसान या आने जाने वाले सैकड़ों की तादाद में गोपालपुर से होकर चाहे अंधियारखोर की ओर जाना हो चाहे मक्खनपुर की ओर कीचड़ से होकर तो जाना ही पड़ेगा। अभी वर्तमान स्थिति में तो रोड की हालत इतनी खराब है कि देखने का मन नहीं करता तो लोग बाग चले कैसे मगर जिनको जाना है वह तो कीचड़ से होकर जाएंगे ही इस रोड से बच्चे पैदल जाते हैं गाड़ी वाले तो गाड़ी खड़ा करके ही जा पाएंगे। इस तरह से देखा जाए तो वास्तव में स्थिति इतनी भयानक हो गई है कि अगर किसी को हॉस्पिटल भी जाना हो तो एंबुलेंस की सुविधा उस रास्ते पर नहीं मिल पाएगी। अगर कोई सुख या दुख की स्थिति में हो तो उसे भी मुश्किल हो जाएगा उस स्थिति को निकालना और इस रोड की बर्बरता के कारण तो अब जनता इतनी परेशान हो गई है कि आज तक रोड नहीं बन पाने की स्थिति में।

## एक नजर

### भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम यादव मुख्यमंत्री से मुलाकात किये

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से बेमेतरा जिला के बेरला क्षेत्र के भाजपा युवा कार्यकर्ता पुरूषोत्तम यादव ने रविवार को निवास कार्यालय रायपुर में मुलाकात किया।

### मानवता के लिये योग पुरा नगरी सिरपुर में योगार्थी करेंगे योग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजन को लेकर कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने आज संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 मंगलवार 21 जून को जिले के अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल सिरपुर के सुरंग टीला में आयोजित होगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को तय की गई जिम्मेदारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने आमंत्रण पत्र से लेकर आयोजन स्थल और मानसून के मद्देनजर वैकल्पिक व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों के योगाभ्यास की भी जानकारी ली। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया होंगे। बैठक में एडीएम डॉ. नेहा कपूर, एसडीएम भागवत जायसवाल सहित जिला शिक्षा अधिकारी, आयुर्वेद अधिकारी एवं स्कूल के प्राचार्य उपस्थित थे। योग प्राचीन भारतीय परम्परा का अमूल्य उपहार है। योग हमारे दिमाग और आत्मा को शांत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसके अलावा हमारे शरीर के इम्यूनिटी प्रक्रिया को सबल प्रदान करता है। योग रोग के रोकथाम के लिए भी जाना जाता है। मालूम हो कि आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 पूरे विश्व में मानवता के लिए योग थीम के साथ मनाया जा रहा है। बता दें कि अब तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के थीम 2015 में सद्भाव और शांति के लिए योगए 2016 में युवाओं को कनेक्ट करेंगेए 2017 में स्वास्थ्य के लिए योगए 2018 में शांति के लिए योग थी। इसी प्रकार 2019 में पर्यावरण के लिए योगए 2020 में घर पर योग और परिवार के साथ योग और 2021 में योग फॉर वेलनेस थी। इस वर्ष 2022 की थीम मानवता के लिए योग है। जो दुनिया भर में एकता की भावना को बढ़ावा देगा।

### करंट की चपेट में आने से 23 वर्षीय महिला की हुई मौत, कोटा पुलिस जुड़ी जांच में

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



ग्राम लिटिया में घर के आंगन में करंट लगने से 23 वर्षीय महिला की हुई मौत कोटा पुलिस जांच में जुटी कोटा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लिटिया में घर के आंगन में लगे बिजली करंट की चपेट में आने से मंजू श्रीवास पति चंद्रप्रकाश श्रीवास उम्र 23 वर्ष ग्राम लिटिया निवासी की मौत हो गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला मंजू श्रीवास सुबह करीब 9 बजे में घर के आंगन में कुछ काम कर रही थी। तभी बिजली तार उनके उंगली में पड़ गई और वही पास गिर गई जिससे कि परिजनों द्वारा महिला को कोटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया गया जहां पर डॉक्टरी इलाज उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। इस मामले की सूचना कोटा पुलिस को दी गई पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



**कोरिया ।** कोरिया जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा आज सहायक क्रियान्वयन एजेंसी (आईएसए) व उनके सदस्यों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत हुई। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। लाइवलीहुड कॉलेज सलका में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम जल स्वच्छता समिति सदस्य, पंचायती राज संस्था प्रतिनिधि तथा सहयोगी एजेंसी के सदस्यों को स्वच्छ जल एवं स्वच्छता विषय पर विभिन्न विशेषज्ञों ने विस्तार जानकारी दी गयी तथा पेयजल प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी, जल जीवन मिशन के उद्देश्य, पेयजल के सम्बंध में स्थानीय स्वशासन के दायित्व, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिती के कार्यों के सम्बंध में भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सदस्यों को ग्राम पंचायतों में जाकर ग्रामीणों को मिशन के उद्देश्य की जानकारी देते जल संरक्षण हेतु जागरुक करने कहा। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता को ग्राम पंचायतों में भ्रमण हेतु समिति के सदस्यों का रोस्टर तैयार किए जाने के निर्देश दिए। कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर घर तक योजना का लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत ने सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी योजना की सफलता के लिए जनभागीदारी बहुत आवश्यक है, लोगों को जागरूक कर योजना को सफल बनाने में भूमिका निभाएं। कार्यशाला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता समर सिंह, प्रशिक्षक अजहर कुरैशी एवं राजू राठौर मौजूद रहे।

# 22 जून तक बाल उन्मूलन सप्ताह दोरनापाल में चलाया अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।




जिले में बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक एवं भिक्षावृत्ति में लिप्त बालको का सर्वेक्षण, रेस्क्यू, पुनर्वास के उद्देश्य से 22 जून तक बाल उन्मूलन सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमे जिले के मुख्य हॉटस्पॉट स्थानों में कार्ययोजना के अनुरूप अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज दोरनापाल नगर के निर्माणाधीन भवनों, होटल, ढाबा एवं अन्य स्थानों पर पहुंच कर बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक एवं भिक्षावृत्ति में लिप्त बालको में रह रहे बालकों के सर्वेक्षण, रेस्क्यू, पुनर्वास के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। जिले की संयुक्त टीम श्रम विभाग, पुलिस विभाग, चाइल्ड लाइन 1098 एवं जिला बाल संरक्षण इकाई सुकमा द्वारा प्रचार-प्रसार एवं भ्रमण किया गया। जिसमें श्रम निरीक्षक सतानंद नाग एसंरक्षण अधिकारी रविन्द्र घृतलहरे, संरक्षण अधिकारी सुश्री मनीषा शर्मा, उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर, आरक्षक शेखर एवम् समन्वय चाइल्ड लाइन अवध बघेल उपस्थित रहे।



# एनीमिया मुक्त जशपुर महा अभियान के तहत दो दिवस में दस हजार से अधिक हिमोग्लोबिन जांच किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।







अभियान 10 जुलाई तक चलेगा

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के दिशा.निर्देश में जिले में किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को एनीमिया मुक्त किये जाने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। एनीमिया मुक्त जशपुर अभियान का आयोजन 02 चरणों में 16 जून 2022 से किया जा रहा है जिसके प्रथम चरण में 16 जून से 30 जून 2022 तक 15 से 49 आयु वर्ग के बालिकाओं एवं महिलाओं का तथा माध्यमिक एवं हाई हायर सेकेण्डरी स्कूल में अध्ययनरत समस्त बालिकाओं का हिमोग्लोबिन जांच एवं उपचार किया जा रहा है। द्वितीय चरण में 01 जुलाई से 10 जुलाई 2022 तक 06 माह से लेकर 05 वर्ष आयु वर्ग के सभी बालक एवं बालिकाओं का हिमोग्लोबिन जांच किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 एवं 17 जून 2022 को दस हजार से अधिक हिमोग्लोबिन परीक्षण किया गया है तथा एनीमिया पाये जाने पर नि:शुल्क उपचार एवं औषधि का वितरण किया जा रहा है। माहवारी स्वच्छता के दृष्टिगत आदिवासी विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूलों एवं बालिका छात्रावासों में सेनेटरी वेंडिंग मशीन एवं इंसिनिरेटर की व्यवस्था की जा रही है। एनआरएलएम द्वारा महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन बनाये जाने प्रशिक्षण, महिला एवं बाल-विकास विभाग द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिये पूरक पोषण आहार की व्यवस्था, पंचायत विभाग द्वारा एनीमिया एवं माहवारी स्वच्छता हेतु वृहद प्रचार-प्रसार एवं मुनादी किया जा रहा है।

# दर्दनाक सड़क हादसा खड़ी ट्रेलर से कार टकराई,तीन की मौके पर मौत दो गंभीर

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

रतनपुर थाना क्षेत्र भरारी गांव के पास एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है। वही इस हादसे में एक महिला एक पुरुष गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज बिलासपुर के सिम्स अस्पताल में चल रहा है।





घटना की सूचना मिलने पर रतनपुर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया था। जिसके बाद पुलिस ने कर मृतकों व घायलों के परिजनों को सूचना पहुंचा दी थी। फिलहाल पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में परिजनों ने कार सभी लोगों के कोरबा से होने के पुष्टि की है। मिली जानकारी के अनुसार कोरबा निवासी हिमांशु सिंह सूरज राठौर अक्षय दुबे इंदु ठाकुर व अन्य लोग रविवार तड़के रायपुर से कोरबा जा रहे थे। इसी बीच रतनपुर जिले के बरारी गांव में सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर से कार की भिड़ंत हो गई। इस जबरदस्त टक्कर से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वही 2 घायल हैं जिन्हें सिम्स भेजा गया था। जिसमे से स्नेहा महंत को रायपुर रिफ र किया जा रहा हैं।

# ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चौलेश्वर चन्द्राकर के नेतृत्व में सैकड़ों साथियों के साथ दिल्ली में प्रदर्शन किया

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।





अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ओबीसी कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव के मार्ग दर्शन में ओबीसी कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नेताओ के साथ जंतर मंतर में सबेरे 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक प्रदर्शन में भाग लिया। बैनर पोस्टर व नारे बाजी कर जोरदार प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी सोनिया गांधी संघर्षों करो छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी आपके साथ खड़ी है। डॉ. चौलेश्वर चन्द्राकर ने कहा है की केंद्र की मोदी सरकार ईडी का सहारा लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी,सोनिया गांधी को बदनाम करने की नीयत से कर रही है। मोदी सरकार की मंसूबे ठीक नहीं है दिल्ली पुलिस लगातार कांग्रेसियों को बलपूर्वक प्रहार कर रही है। कांग्रेस मुख्यालय में घुस कर नेताओ को प्रताड़ित कर मारपीट करना साथ केन्दीय स्तर के नेताओ के साथ अपमान करना ये लोकतंत्र की काला अध्याय है। आज के धरना प्रदर्शन में राष्ट्रीय नेता रणदीप सुरजेवाल, कैप्टन अजय यादव, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत, दीपेंद्र हुड्डा, राज्यसभा सांसद रंजीता रंजन, संसद दीपक बैज एके सी वेणुगोपाल, रागनी नायक सहित कई नेताओं ने सम्बोधन किया। ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के साथ चुन्नी लाल साहू, प्रवेश पटवा,पुरषोत्तम चन्द्राकर, विजय चन्द्रा, संदीप साहू, लक्ष्मी साहू, आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जनक ठाकुर, तिरिथ मानिकपुरी, विकास नंद, तुलसी साहू, सुशील शुक्ला, दिलीप लहरिया, जय कुमार,ओम श्रीवास, सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने धरना/प्रदर्शन में भाग लिया।

## अल्लू अर्जुन की सुपरहिट फिल्म पुष्पा 2 का जल्द शुरू होगा प्रोडक्शन




सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत पुष्पा: द राइज की सफलता के बाद, अब सभी की निगाहें इस फिल्म की अगली कड़ी पर टिकी हैं। हालांकि, सुकुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म की दूसरी किस्त पर निर्माण शुरू होने में देरी ने काफी चर्चाओं को जन्म दिया है। मेकर्स अब शूटिंग पार्ट को शेड्यूल करने पर काम शुरू कर रहे हैं क्योंकि यह खबर फिल्म के फैंस के लिए काफी सही है। पुष्पा: द रूल की स्क्रिप्ट अभी लिखी जा रही है और सुकुमार और उनके दल का लक्ष्य अगस्त में शूटिंग शुरू करना है।

आर्या के निर्देशक पुष्पा 2 की पटकथा को लेकर आश्वस्त दिख रहे हैं, तो निमार्ताओं ने जाहिर तौर पर इसे कुछ महीनों में फ्लोर पर ले जाने का फैसला किया है।

## कियारा आडवाणी के बॉलीवुड में आठ साल पूरे



अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी फिल्म जुग जुग जियो के प्रमोशन में व्यस्त हैं। बीते दिनों उनकी फिल्म भूल भुलैया 2 भी बड़ी हिट साबित हुई। साफ है कियारा फिल्म इंडस्ट्री में अपनी धाक जमा चुकी हैं। 13 जून को इंडस्ट्री में आठ साल पूरे होने पर कियारा ने ऑनलाइन अपने प्रशंसकों से मुलाकात की। कियारा की पहली फिल्म फगली 13 जून, 2014 को रिलीज हुई थी। आपको बताते हैं कियारा की आने वाली फिल्मों के बारे में।

जुग जुग जियो इन दिनों चर्चा में है। यह फिल्म 24 जून को रिलीज हो रही है और फिल्म के सितारे इसके प्रमोशन में लगे हुए हैं। यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म है जिसमें कियारा, वरुण धवन के ऑपोजिट नजर आएंगी। वहीं, फिल्म में अनिल कपूर और नीतू कपूर भी कपल के रूप में नजर आएंगे। दोनों कपल तलाक के कगार पर हैं। शादी बचाने और परिवार के दोबारा से एक होने की कहानी है यह फिल्म।

कियारा और कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई की। अब यह जोड़ी एक और फिल्म में साथ नजर आएगी। फिल्म सत्यनारायण की कथा में दर्शकों को फिर से कार्तिक और कियारा की केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। फिल्म में कियारा के किरदार का नाम कथा है। यह फिल्म नवंबर, 2022 में रिलीज होनी है। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है जिसे साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन समीर विद्वांस करेंगे।

## नम्रता मल्ला ने सिंगल पीस ड्रेस में दिखाया अपना फीगर, फोटोज देखकर फैंस हुए बेहाल

भोजपुरी इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस नम्रता मल्ला अक्सर अपने बोल्ड वीडियोज और फोटोज फैंस के लिए सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनकी यहां पर अच्छी फैन फॉलोइंग है।

नम्रता मल्ला ने एक बार फिर अपने बोल्ड फोटोज शेयर किए हैं। जो फैंस को अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं। नम्रता मल्ला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में नम्रता मल्ला अलग-अलग पोज देते हुए दिखाई दे रही हैं। नम्रता मल्ला ने सिंगल पीस ड्रेस पहनी हुई और अपना फीगर फ्लॉन्ट करते नजर आईं। नम्रता मल्ला का अंदाज देखने वाला है। नम्रता मल्ला की इन तस्वीरों को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही फैंस नम्रता मल्ला के फोटोज पर अपने दिल की बात कर रहे हैं। नम्रता मल्ला का ये पहला मौका नहीं जब उन्होंने अपने बोल्ड फोटोज शेयर किए हैं। नम्रता मल्ला अक्सर अपने हॉट फोटोज फैंस को दिखाती रहती हैं। नम्रता मल्ला अपने बोल्ड फोटोज के साथ ही अपने डांस वीडियोज के लिए भी काफी मशहूर हैं। नम्रता मल्ला के इंस्टग्राम अकाउंट पर उनके काफी डांस वीडियोज देखने को मिल जाएंगे। नम्रता मल्ला अपनी एक्टिंग करियर से ज्यादा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। नम्रता मल्ला को लेकर कहा जा रहा है कि वह तेलुगू फिल्म में एक आइटम नंबर में नजर आएंगी।



## वीगन डाइट फॉलो कर रहे हैं तो बनाकर खाएं ये डेजर्ट, आसान हैं इनकी रेसिपी

वीगन डाइट पत्तेदार चीजों पर आधारित होती है और इसमें जानवर या उनसे उत्पादित किसी भी खाद्य पदार्थ को शामिल नहीं किया जाता है जैसे दूध, दही और शहद आदि। यही वजह है कि वीगन डाइट वाले लोग डेजर्ट जैसी चीजों का आनंद नहीं ले पाते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अगर आप वीगन डाइट फॉलो कर रहे हैं तो आइए आज हम आपको कुछ ऐसे वीगन डेजर्ट की रेसिपी बताते हैं, जिनको आप बार-बार बनाकर खाना पसंद करेंगे।

### वीगन रबड़ी

अगर आप वीगन डाइट पर है तो डेजर्ट के तौर पर वीगन रबड़ी का आनंद ले सकते हैं। इसे बनाने के लिए थोड़े काजू को रातभर बादाम के दूध में भिगोकर रखें, फिर सुबह उठकर इसे ब्लेंडर में डालकर ब्लेंड करें। इसके बाद इस मिश्रण को गाढ़ा होने तक पकाएं, फिर इसमें बादाम का आटा और चीनी मिलाएं, फिर इसमें केसर, इलायची पाउडर और वनिला एसेंस मिलाएं। अब गैस बंद कर दें और रबड़ी को ठंडा होने के बाद खाएं।

### वीगन लड्डू

इसे बनाने के लिए सबसे पहले गेहूं के आटे को एक पैन में हल्का सुनहरा होने तक भून लें, फिर इसमें अलसी, बादाम का आटा, नमक और वीगन मक्खन



डालें और अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को तीन-चार मिनट तक भूनें और ठंडा होने दें, फिर इसमें खजूर, इलायची, काजू और गेहूं के आटे का मिश्रण मिलाकर इससे गोल-गोल आकार के लड्डू तैयार कर लें। आप इन लड्डू को पांच दिनों तक स्टोर कर सकते हैं।

### ब्राउन राइस खीर

सबसे पहले ब्राउन राइस को पानी के साथ 30 मिनट तक पकाएं, फिर जब चावल पक जाएं तो उससे पानी को छान दें। अब एक पैन में बादाम के दूध गर्म करें, फिर उसमें काजू और पकाएं चावल मिला दें, फिर इसमें इलायची के दाने और चीनी डालकर 15-20 मिनट तक पकाएं। इसके बाद खीर में भूने सूखे मेवे डालें और 10-20 मिनट तक और पकाकर गैस बंद कर दें। अंत में खीर पर बादाम गर्निश करके इसका आनंद लें।

## बाजार में मौजूद हैं पांच तरह के आईशैडो, जानिए आपको कौन सा चुनना चाहिए

आईशैडो एक आई मेकअप प्रोडक्ट है, जिसका इस्तेमाल आईलिड पर किया जाता है और इससे कई तरह के स्टाइल आसानी से क्रिएट किए जा सकते हैं। वैसे बाजार में पांच तरह के आईशैडो मौजूद हैं और अगर आपको नहीं पता कि इनमें से कौन-सा आपके लिए बेहतरीन हैं तो परेशान न होइए क्योंकि आज का हमारा लेख आपके लिए ही है। चलिए फिर जानते हैं कि आपके लिए किस तरह का आईशैडो चुनना अच्छा है।

### पाउडर आईशैडो

पाउडर आईशैडो कई प्रकार के फॉर्मूला में आते हैं, जिसमें शीर, ओपैक और पूरी तरह से मैट आदि शामिल हैं। इनका



इस्तेमाल करके आप कई तरह के लुक्स क्रिएट कर सकते हैं जैसे न्यूट्रल, रोज, ड्रामेटिक आदि। अगर आपकी त्वचा तैलीय प्रकार की है तो आपके लिए पाउडर आईशैडो का इस्तेमाल करना अच्छा हो सकता है क्योंकि यह आईलिड पर आने वाले अतिरिक्त तैलीय प्रभाव को नियंत्रित करने में मदद करेगा।

### स्टिक आईशैडो

यह आसानी से लगाया जाने वाला आईशैडो है, जिसे क्रेयॉन आईशैडो भी कहा जाता है। अगर आप मेकअप बिगनर हैं तो स्टिक आईशैडो का चयन करें और इसे लिपस्टिक की तरह अपनी दोनों आईलिड पर लगाएं, फिर इसे उंगलियों की मदद से अच्छे से फैला लें। अच्छी बात यह है कि मेकअप के दौरान लगाया गया यह आईशैडो लंबे समय तक बरकरार रहता है।

### लिक्विड आईशैडो

महिलाएं लिक्विड आईशैडो को आप अपनी दोनों आईलिड पर लगाकर उंगलियों या ब्रश की मदद से अच्छी तरह से ब्लेंड कर सकती है और अच्छी बात है कि यह आईशैडो आईलिड पर लगाने के बाद जल्दी सूख जाता है। यह आईशैडो कांच या प्लास्टिक की बोतल में ड्रॉपर के साथ आता है। इसके अतिरिक्त, इसमें ऐसे तेल मौजूद होते हैं, जो आसानी से आपकी त्वचा में समा जाते हैं।

रूखे प्रकार की त्वचा के लिए यह बेस्ट ऑप्शन है।



5 साल के बच्चे की मां का कमाल

## फ्रेजर प्राइस ने डायमंड लीग में रिकॉर्ड टाइमिंग के साथ जीता 100 मी का गोल्ड

पेरिस। तीन बार की ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट शैली एन फ्रेजर प्राइज ने 100 मीटर की दौड़ में 10.67 सेकंड का समय निकाला है। उन्होंने साल का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला है।




स्टेड कार्लेटी में फ्रेजर प्राइस ने पिछले महीने कीनिया में किप कीनो क्लासिक में निकाले गए अपने ही समय की बराबरी की।

इतना ही नहीं, जमैकन स्टार प्राइज ने दो बार की ओलिंपिक चैंपियन एलेन थॉम्पसन हेरा के मीट रिकॉर्ड (72 सेकंड) को भी पीछे छोड़ा। जो हेरा ने पिछले साल बनाया। 35 साल की फेजर अब अगले महीने वर्ल्ड चैंपियनशिप के दसवें गोल्ड मेडल की तलाश में ओरेजन जाएंगी। जहां वर्ल्ड चैंपियनशिप का आयोजन होगा। अगली डायमंड लीग स्वीडन के स्टॉकहोम में 30 जून को होगी।

### यावी ने पर्सनल बेस्ट के साथ गोल्ड जीता

बहरीन की विनफ्रेड यावी ने महिलाओं की 3,000 स्टीपलचेज़ में आठ मिनट 56.55 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ गोल्ड मेडल जीता। यह इस सीजन की बेस्ट टाइमिंग भी है।

### ओलिंपिंक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को महुचिख को गोल्ड

यूक्रेन की ओलंपिक ब्रॉन्ज विजेता यारोस्लावा महुचिख ने भी विमेन कैटेगरी की हाई जंप में 2.01 मीटर स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता। यह भी मौजूदा सीजन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। यूक्रेन की ही इरीना गेराशचेंको और यूलिया लेवचेंको ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

### एडम्स ने जीती 200 की दौड़

दक्षिण अफ्रीका के फर्राटा धावक लक्सोलो एडम्स ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ 19.82 सेकेंड में पूरी करके आसानी से गोल्ड मेडल हासिल किया। डोमिनिका गणराज्य के अलेक्जेंडर ओगांडो 20.03 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अमेरिका के डेवोन एलन ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ जबकि नाइजीरिया की टोबी अमुसन ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ जीती।

## पहले टेस्ट मैच में जीत की दहलीज पर वेस्टइंडीज, अब सिर्फ 35 रन की दरकार



**एंटीगुआ** । वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच एंटीगुआ में पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है, जिसमें मेजबान वेस्टइंडीज जीत की दहलीज पर है. तीसरे दिन की समाप्ति तक वेस्टइंडीज को जीत के लिए सिर्फ 35 रन की दरकार है. दो मुकाबलों की श्रृंखला का अगला मैच सेंट लूसिया में 24-28 जून के बीच खेला जाना है. अगर वेस्टइंडीज पहले टेस्ट को अपने नाम करती है, तो उसे अगले मुकाबले को जीतने या सिर्फ ड्रॉ करवाने की जरूरत होगी. बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 103 रन बनाये थे, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 265 रन बनाकर 162 रन की बड़ी बढ़त हासिल की थी. इसके बाद तेज गेंदबाज केमार रोच के पांच विकेट की मदद से बांग्लादेश को दूसरी पारी में भी बड़ा स्कोर बनाने से रोकने वाले वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत से चंद कदम ही दूर है.

### एक नजर

## फ्रेजर प्राइस ने रिकॉर्ड समय के साथ जीती 100 मीटर दौड़

**नईदिल्ली** । ओलंपिक में तीन बार की स्वर्ण पदक विजेता शेली एन फ्रेजर प्राइस ने पेरिस डायमंड लीग एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 100 मीटर दौड़ 10.67 सेकंड में पूरी करके इस साल के सर्वश्रेष्ठ समय की बराबरी करके स्वर्ण पदक जीता. फ्रेजर प्राइस ने पिछले महीने कीनिया में किप कीनो क्लासिक में निकाले गये अपने ही समय की बराबरी की. उन्होंने दो बार की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और हमवतन जमैका की एलेन थॉम्पसन हेरा के पिछले साल बनाये गये 10.72 सेकेंड के मीट रिकॉर्ड को भी तोड़ा.



बहरीन की विनफ्रेड यावी ने महिलाओं की 3,000 स्टीपलचेज़ में आठ मिनट 56.55 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता. यह इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय भी है.

यूक्रेन की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता यारोस्लावा महुचिख ने भी महिलाओं की ऊंची कूद में 2.01 मीटर कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता. यह वर्ष 2022 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. यूक्रेन की ही इरीना गेराशचेंको और यूलिया लेवचेंको ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते. दक्षिण अफ्रीका के फर्राटा धावक लक्सोलो एडम्स ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ 19.82 सेकेंड में पूरी करके आसानी से सोने का तमगा जीता. डोमिनिका गणराज्य के अलेक्जेंडर ओगांडो 20.03 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे.

## नीरज चोपड़ा के नाम बड़ी उपलब्धि, टोक्यो ओलंपिक के बाद फिर जीता गोल्ड

**नईदिल्ली** । ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने फिर से कमाल कर दिखाया है. नीरज ने चार दिनों में दूसरी बार ग्रेनाडा के मौजूदा विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स को पछाड़कर फिनलैंड के कुओर्तानै खेलों में भालाफेंक स्पर्धा में सत्र का पहला स्वर्ण पदक हासिल किया.

चौबीस साल के नीरज ने 86.69 मीटर के प्रयास से यह पदक हासिल किया. उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही यह दूरी हासिल की जबकि उनका दूसरा और तीसरा प्रयास फाउल हो गया. उन्होंने इसके बाद और थ्रो नहीं किया.

## बेंगलुरु में भारत का रिकॉर्ड खराब, पाकिस्तान से भी मिल चुकी शिकस्त

**बेंगलुरु** । भारत और साउथ अफ्रीका के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में टी20 सीरीज का पांचवां मैच खेला जाना है, जिसमें टीम इंडिया को हर हाल में जीतना होगा. जो टीम इस मुकाबले को अपने नाम करेगी, वो सीरीज पर अपना कब्जा जमा लेगी.

भले ही भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 19 में से 11 मैच अपने नाम किए हैं, लेकिन बेंगलुरु के इस स्टेडियम में उसका रिकॉर्ड खराब रहा है. भारत ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अब तक कुल 5 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उसे सिर्फ 2 मुकाबलों में ही जीत नसीब हुई।

आयरलैंड सीरीज से पहले हार्दिक की टीम को रेस्ट

## इंग्लैंड के साथ टेस्ट के लिए पंत, अय्यर और द्रविड़ लंदन के लिए रवाना

आयरलैंड के साथ दो मैचों की टी-20 सीरीज के लिए चयनित टीम इंडिया के खिलाड़ी 23 जून को रवाना होंगे। साउथ अफ्रीका के साथ रविवार को समाप्त हुए टी-20 मैचों की सीरीज के बाद खिलाड़ियों को रेस्ट दिया गया है। वहीं कोच राहुल द्रविड़, श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत सोमवार तड़के इंग्लैंड के लिए रवाना हो गए। वहीं स्टैंडबाई के रूप में टीम में शामिल किए मयंक अग्रवाल इंडिया में रहेंगे। रोहित शर्मा की कप्तानी में मुख्य टीम को 1 जुलाई से एजबस्टन में पिछले साल के बचे हुए 1 टेस्ट मैच को खेलना है। पिछले साल टीम इंडिया अक्टूबर में इंग्लैंड दौरे पर 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में से 4 मैच खेल




कर ही लौट गई थी। दरअसल टीम के कुछ खिलाड़ी कोरोना संक्रमित हो गए थे। जिसके बाद टीम इंडिया आखिरी टेस्ट खेले बिना ही टीम लौट आई थी। द्रविड़, अय्यर और पंत प्रैक्टिस मैच से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे भारतीय टीम को एक टेस्ट से पहले लीसेस्टरशायर के खिलाफ 24 जून से प्रैक्टिस मैच भी खेलना है। टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़, ऋषभपंत और श्रेयस अय्यर प्रैक्टिस मैच से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। वहीं रोहित की कप्तानी में टेस्ट टीम के लिए चयनित खिलाड़ी पहले ही इंग्लैंड जा चुके हैं।

द्रविड़ ने बताया क्यों बदले 6 महीने में 8 कप्तान

## बोले- चोट, बबल ब्रेक और ज्यादा मैच रही वजह, ऋषभ को इतनी जल्दी जज करना गलत



**मुंबई।** भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने टीम इंडिया में लगातार बदल रहे कप्तानों को लेकर बड़ा बयान दिया है। रविवार को उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत करते हुए कहा, मैंने आठ महीने में टीम इंडिया के 6 कप्तानों के बदलने की योजना नहीं बनाई थी, लेकिन कोरोना के कारण हमें ग्रुप के अंदर ज्यादा कप्तान तैयार करने का मौका मिला है। यह चुनौतीपूर्ण भी था, लेकिन हम ज्यादा मैच खेल रहे हैं, यह उसकी वजह से हुआ है।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में पहली बार कप्तानी कर रहे ऋषभ पंत का बल्ला पूरी सीरीज खामोश रहा। उनके फॉर्म और कप्तानी पर कोच द्रविड़ ने कहा कि जब आप खिलाड़ियों से बीच के ओवर में अधिक अटैकिंग क्रिकेट खेलने और खेल को अलग स्तर पर ले जाने के लिए कहते हैं, तो कई बार एक दो मैच के आधार पर निर्णय लेना मुश्किल हो जाता है। मुझे लगता है कि उनका IPL शानदार गया है, उनका औसत भले ही अच्छा ना हो, मगर उनका स्ट्राइक रेट कमाल का है। वह अपने खेल को ऊपर की ओर ले जाना चाहते हैं जहां वह तीन साल पहले थे। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह इंटरनेशनल लेवल पर भी वही काम करें। इस प्रक्रिया में उनके कुछ मैच खराब जा सकते हैं। पर वे हमारे बैटिंग लाइन-अप का अभिन्न अंग रहेंगे। हमें पता है उनके पास क्या करने की ताकत है।

टर्मिनल में खड़ी सिटी बस में लगाई आग

# कई के कांच तोड़े, सीटें फाड़ी, टायर तक निकाल ले गए, नगर पालिका प्रशासन को पता नहीं

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में नैला सिटी बस टर्मिनल खड़ी बसों में किसी ने तोड़फोड़ कर दी। उसके कांच तोड़ दिए, सीटें फाड़ डाली और टायर तक निकाल ले गए। इस दौरान बदमाशों ने एक बस में आग भी लगा दी। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और उसके आग पर काबू भी पा लिया।



खास बात यह है कि घटना को 8 दिन बीत चुके हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन को इसका पता ही नहीं है। उनका कहना है कि आपसे पता चल रहा है। कार्रवाई करेंगे।

जानकारी के मुताबिक, कोराना काल के दौरान सिटी बसों का संचालन बंद कर दिया गया था। इसके बाद से अभी तक व्यवस्था पटरी पर नहीं आ सकी है। नैला के सिटी बस टर्मिनल में 5 बसें खड़ी हैं। टर्मिनल के अंदर ही सुलभ शौचालय में रहने वाले चौकीदार ओम प्रकाश सूर्यवंशी ने बताया कि वह 12 जून को तड़के करीब 4 बजे अंदर ही सो रहा था। तभी किसी ने बस में आग लगा दी। इसके बाद उसने डायल-112 को सूचना दी।



मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंची और आग पर काबू पाया। इसके बाद भ्री नगर पालिका प्रशासन को इसका पता नहीं चल सका। अन्य बसों की भी स्थिति जर्जर हो चुकी है। पहिये गायब हैं, कांच तोड़ दिए गए हैं। सीटें पूरी तरह? से बर्बाद हो चुकी है। बसों की दशा ऐसी है कि उन्हें सड़क पर उतारने के लिए लाखों रुपए खर्च करने पड़ेंगे। नगर पालिका के CMO चंदन शर्मा कहते हैं कि उन्हें हमसे ही जानकारी मिल रही है। अब वह कार्रवाई की बात कह रहे हैं।

### नवंबर 2015 में शुरू की गई थी सिटी बस सेवा

नगरीय प्रशासन की ओर से रायगढ़ शहरी? सार्वजनिक यातायात सोसायटी के माध्यम से नवंबर 2015 में? सिटी बस सेवा शुरू की गई थी।? बंद होने के पहले ये बसें जिला मुख्यालय को चांपा,? अकलतरा, बलौदा, शिवरीनारायण से? जोड़ती थी। लोगों को कम दर पर आवागमन की सुगम सुविधा मिली रही थी। दर्जनों लोगों को रोजगार भी मिला हुआ था। बसों के संचालन को लेकर अब अरबन सोसायटी? निष्क्रीय हो चुकी।



## सड़कों की मरम्मत के लिए खाद्य मंत्री भगत ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए निर्देश



**अम्बिकापुर ।** खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने अम्बिकापुर वासियों की ज़रूरतों और मौसम के बदलाव को देखते हुए शहर में पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित सभी सड़कों की तत्काल मरम्मत के निर्देश अधिकारियों को दिए। श्री भगत ने अधिकारियों से फोन पर बात करते हुए कहा कि शहर की टूटी सड़कें बारिश में आफत न बने और शहर वासियों को किसी प्रकार की तकलीफ़ ना हो इसके लिए बारिश के पूर्व ही मरम्मत योग्य सड़कों को दुरुस्त करने के कदम में गंभीरता दिखाएं। मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि मेरा उद्देश्य है कि बारिश से पहले सड़क संबंधी समस्याओं का समाधान हो जाए और शहरवासियों को किसी प्रकार की तकलीफ़ न हो। बारिश का मौसम सभी को अच्छा लगता है। मैं चाहता हूं मानसून आपके लिए खुशियाँ लेकर आए समस्या नहीं। मंत्री श्री भगत के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कहा कि हमे खाद्य मंत्री का निर्देश प्राप्त हुआ है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## बहतराई इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि सिंह होंगी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि

बिलासपुर । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम स्व. बी आर यादव स्मृति राज्य स्तरीय खेल परिसर बहतराई (इंडोर स्टेडियम) में प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जायेगा।




राज्य शासन द्वारा जिले में आयोजित कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं तखतपुर विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह को तय किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए प्रभारी कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपा है। पूरे कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नगर निगम कमिश्नर श्री अजय त्रिपाठी होंगे। सहायक नोडल अधिकारी समाज कल्याण विभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक होंगे। साफ- सफाई, मंच , टेंट एवं योगा स्थल पर आवश्यक बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को दी गई है। साउंड सिस्टम एवं विद्युत व्यवस्था नगर निगम एवं विद्युत विभाग, अतिथि आमंत्रण की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी एवं समाज कल्याण, प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी जनसंपर्क विभाग, यातायात व्यवस्था पुलिस विभाग, प्राथमिक चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग, जलपान की व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को सौंपी गई है। प्रभारी कलेक्टर श्री हरिस एस ने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में सभी विभाग प्रमुखों को अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों सहित उपस्थिति सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। योग दिवस के दिन स्कूली छात्र छात्राएं भी जिला स्तरीय कार्यक्रम में योग प्रदर्शन में शामिल होंगे। गौरतलब है कि लोगों में योग के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग से शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। विगत कुछ वर्षों से लोगों में योग के प्रति जागरूकता आई है।

## गरज-चमक के साथ दो घंटे बरसे बादल

**राजनांदगांव ।** प्रदेश में पहुंच चुका मानसून अब और मजबूत हो रहा है। इसी का असर रविवार को दिखा। सुबह तेज हवा और गरज-चमक के बीच जिलेभर में बारिश हुई। सुबह दो घंटे हुई बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। भीषण गर्मी और गर्म हवा से राहत मिली है। इधर मानसून की बारिश के बाद किसानों में भी राहत की स्थिति है।



मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून तेजी से प्रदेश के दूसरे हिस्सों में बढ़ रहा है। अब मानसून पूरे प्रदेश में दाखिल हो चुका है। वहीं मानसून के लिए अनुकूल सिस्टम बना हुआ है। इससे आने वाले दिनों में भी बेहतर बारिश की उम्मीद है।

अगले तीन से चार दिन बारिश की स्थिति बनी रहेगी। रविवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे, करीब 9 बजे तेज हवाओं के साथ गरज-चमक की स्थिति बनी। इसके बाद दो घंटे तक तेज बारिश हुई। हालांकि दोपहर बाद आसमान साफ हो गया। शाम में हल्की धूप खिल गई। खाड़ी में भी बारिश का सिस्टम मजबूत हो रहा है।

### तापमान में गिरावट से राहत, हवा भी हुई ठंडी

मानसून की आमद के साथ ही तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। रविवार सुबह बारिश के बाद अधिकतम तापमान में और गिरावट हुई। अधिकतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 22 डिग्री पर पहुंच गया। इसके अलावा हवा की ठंडी हो गई है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।



हालांकि देर शाम कुछ देर उमस की स्थिति जरूर बन रही है। मौसम विभाग ने बताया कि कुछ दिनों में लगातार बारिश की स्थिति बनेगी, इसके साथ ही उमस भी खत्म होने लगेगी। मानसून की आदम के साथ अच्छी और निरंतर बारिश की उम्मीद है। लोगों को लंब समय से अच्छी बारिश का इंतजार था। रविवार को हुई बारिश से किसानों को भी बड़ी राहत मिली है। इस बारिश के साथ ही खरीफ फसल के लिए खेतों में तैयार तेज होने की उम्मीद है।

### तेजी से आगे बढ़ा मानसून इसलिए ऐसी बनी है स्थिति

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून गुजरात क्षेत्र के कुछ और हिस्सों, मध्यप्रदेश के शेष हिस्सों में, विदर्भ, छत्तीसगढ़ के कुछ और हिस्से, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार में आगे बढ़ गया है।

एक नजर

## मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में 6 साल बाद दूर होगी स्टाफ की कमी, अब भरे जाएंगे 300 पद



**राजनांदगांव ।** जिले में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल को खुले लगभग 6 साल हो गए हैं पर यहां स्वीकृत पदों पर भर्ती नहीं होने से व्यवस्था लड़खड़ाई हुई है। इतने बड़े हॉस्पिटल में सीमित कर्मचारियों से काम लिया जा रहा है। इस वजह से कर्मचारियों को वर्क लोड सहना पड़ता है। स्टाफ की कमी के कारण कोरोनाकाल में सबसे ज्यादा परेशानी हुई। यहां तक वार्डों में मरीजों को पहुंचाने के लिए वार्ड ब्वॉय तक पर्याप्त नहीं हैं पर अब राहत की खबर है कि चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की ओर से हॉस्पिटल में रिक्त लगभग 300 पदों पर सीधी भर्ती के लिए अनुमति दे दी है। इधर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल और जिला अस्पताल में पहले से ही कार्यरत संविदा, डीएमएफ कर्मी, दैनिक वेतन भोगी और सफाई कर्मचारियों को डीएमई की भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षक देने की मांग उठ रही है। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की ओर से शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के अधीक्षक से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा गया और आरक्षण की बात सामने रखी गई।

**सप्ताहभर में होगी प्रक्रिया**

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि सप्ताहभर के भीतर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी होना भी शुरू हो जाएगा। हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से व्यावसायिक परीक्षा मंडल को भी पत्र लिखा गया है। प्रबंधन ने व्यापमं से भी परीक्षा लेकर भर्ती की प्लानिंग की है पर व्यापमं से अनुमति मिलने के बाद ही इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। अनुमति नहीं मिलने पर कर्मचारियों की सीधी भर्ती की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

## शहीद भृगुनंदन चौधरी की स्मृति में अमृत सरोवर का निर्माण

**गरियाबंद।** जिला मुख्यालय गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत सढौली के शहीद भृगुनंदन चौधरी की पुण्य स्मृति में अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा हर जिले में देश के स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्र सेवा में न्योछावर वीर शहीदों के नाम पर अमृत सरोवर का निर्माण एवं जीर्णोधार कार्य मनरेगा योजना व अभिसरण के तहत् करवाया जा रहा है। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत गरियाबंद द्वारा आजादी के 75 वीं वर्षगाठ के अवसर पर ग्राम पंचायत सढ़ौली में वीर शहीद की याद में अमृत सरोवर तालाब निर्माण हेतु भूमि पुजन कर कार्य प्रारंभ किया गया। जिसमें सरपंच लव कुमार ध्रुव, दुलेश्वर साहू रोजगार सहायक सहित गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस मौके पर गांव के बलिदानी सैनिक शहीद भृगुनंदन चौधरी के पिता- नरहर सिंह चौधरी, माता-सुशीला बाई का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। सरपंच लव कुमार ध्रुव ने बताया कि शहीद सैनिक की याद में अमृत सरोवर का निर्माण प्रारंभ किया गया है, जिसमें वृक्षारोपण कर सौंदर्यीकरण भी कराया जाएगा। देशप्रेम की भावना को आत्मसात कर गरियाबंद विकासखंड के ग्राम सढ़ौली के ग्रामीणो ने स्वतंत्रता सेनानियों की याद को अक्षुण्ण रखने तालाब निर्माण एवं देश के सेवा में शहीद और वर्तमान में सेवा दे रहे सैनिकों के सम्मान में पौधारोपण का अभिवन पहल शुरू किया गया है।

ग्राम के युवाओं ने बताया कि गरियाबंद ब्लाक के ग्राम सढ़ौली में देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले युवा साथी सेना में अपनी सेवाएं दे रहे है, व ग्राम सढ़ौली सेनानियों की भुमि रही है। शहीद भृगुनंदन चौधरी देश सेवा के लिए वीरगति को प्राप्त हो गये। लेकिन ऐसे में युवाओं की प्रेरणा और देशप्रेम की भावना जागृत करने इनकी स्मृतियों को सहेजना जरूरी है। शहीद भृगुनंदन चौधरी के देशप्रेम के प्रति इस बलिदान का परिणाम यह है कि ग्राम के कई युवा आज सेना में सेवा दे रहे है और ग्राम का नाम रौशन कर रहे है। सेना में सेवा देते हुए ग्राम के शहीद भृगुनंदन चौधरी ने सर्वोच्च बलिदान के रूप में प्राणो की आहुति भी दी है।अमृत सरोवर तालाब निर्माण के लिए 9.28 लाख की स्वीकृति दी गई है। इस राशि से तालाब का निर्माण कराया जायेगा। तालाब को सेनानियों की गरिमा के अनुरूप सजाया व संरक्षित रखा जाएगा। लव कुमार ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत सढ़ौली ने कहा कि वीर शहीद की बलिदान को यादगार बनाए रखने और सैनिकों के सम्मान का यह कार्य अपने आप में अभिनव उदाहरण होगा। ग्रामीणों ने इस कार्य में अपनी पुरी सहभागिता व्यक्त की है।

## ब्रह्माकुमारी में 20 से 22 तक मधुरता विषय पर योग का आयोजन

**भिलाई ।** सूर्योदय के साथ, चिडियों की चहचहाटो की मधुर ध्वनि, एवं प्राकृतिक छटा से सुसज्जित सेक्टर 7 स्थित तालाब के मध्य में विचरण करती हुई नौका में संस्था के साकार संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा एवं प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा कमल आसन योग मुद्रा पर विराजित तपस्या के लिए प्रेरणा देता अलौकिक वातावरण में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में तन और मन को स्वस्थ रखने के संकल्प के साथ योग कर विश्व में शांति के प्रकम्पन प्रवाहित किए गए।

राजयोग के प्रात: सत्र में भिलाई सेवा केन्द्रों की निदेशिका आशा दीदी ने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से मन बुद्धि संस्कारों में हल्कापन आता है, तथा बुद्धि की निर्णय शक्ति बढ़ती है। योग द्वारा हमारे आंतरिक मन की स्थिति का प्रभाव प्रकृति एवं हमारे किए कर्मों पर पड़ता है। योग के नियमित अभ्यास से हर कार्य सरल, सहज और संभव है।

आपने पूण्य कर्मों के बारे में बताते हुए कहा कि पुण्य कर्म दिखावा नहीं बल्कि दिल से होता है आवश्यकता के समय किसी मनुष्यात्मा का सहयोगी बनना है। ना दुख दो, ना दुख लो, सुख दो, सुख लो यह परमात्म महावाक्य रूपी स्लोगन को अपने जीवन में धारण करे। दृढ़ धारणा की कमी और अटेंशन के परहेज से ही हमें तनाव होता है।

आशा बहन जी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 40 वर्षों से भी अधिक मास के हर तीसरे रविवार को भारतीय समय अनुसार शाम 6:30 से 7:30 तक पूरे विश्व के सेवाकेंद्रो में एक संकल्प के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता हैं।

## हम सब के लिये ऐतिहासिक क्षण:कौशिक

बिल्हा में 100 बिस्तर अस्पताल स्वीकृत, नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने प्रधानमंत्री व केन्द्रीय श्रम मंत्री का माना आभार

बिलासपुर । नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव से विगत वर्ष दिल्ली प्रवास के दौरान बिल्हा के ग्राम नगपुरा में कर्मचारी राज्य बीमा योजना अंतर्गत 100 बिस्तर युक्त अस्पताल निर्माण का आग्रह किया।



जिसे केन्द्रीय मंत्री यादव ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव का आभार मानते कहा कि यह हम सब के लिये ऐतिहासिक क्षण है कि जनभावनाओं के मांग के मुताबिक इस अस्पताल का निर्माण जल्द होगा।जिसकी आवश्यक कार्रवाई की पूरी हो चुकी है।

इस अस्पताल के निर्माण के लिए जो मापदंड 50 हजार से अधिक बीमित व्यक्तियों की संख्या होनी चाहिए है।उसे अधिक 62 हजार से अधिक बीमितों की संख्या है.इस 100 बिस्तर युक्त अस्पताल के निर्माण के लिये जिला प्रशासन ने भी भूमि आबंटन के लिए अपनी सहमति दी है।नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि इस अस्पताल के निर्माण से सबको बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल पाएगा. जिसकी मांग लंबे समय से उठ रही थी। इस अस्पताल के घोषण से सभी में हर्ष है।

# फिर बढ़ रहे कोविड के मरीज, सतर्कता अब भी जरूरी

## मास्क का प्रयोग करें और सामाजिक दूरी का करें पालन- सीएमएचओ डॉ. केशरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बरसात शुरू हो चुकी है और एक बार फिर से कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने लगे हैं। एक महीने तक जिले में शून्य केस थे लेकिन अब 10 कोविड पॉजिटिव मरीज हो गए हैं। ऐसे में लापरवाही बरतना ठीक नहीं हैं बल्कि अभी भी लोगों द्वारा सतर्कता बरतते हुए कोरोना अनुरूप व्यवहारों का पालन करना आवश्यक है क्योंकि जिले में अभी भी कोरोना संक्रमण पूरी तरह से गया नहीं है और अब जांच में लोग संक्रमित निकल रहे हैं। बाजार हो या फिर कोई भी भीड़ वाली जगह लोगों ने अब मास्क लगाना बंद कर दिया है तो संस्थानों ने भी सैनेटाइजर की व्यवस्था भी भुला दी है। जबकि अभी भी सार्वजनिक स्थलों में मास्क लगाना अनिवार्य है। लोगों को जागरूक होने की जरूरत है और यह समझने की भी कि कोरोना संक्रमण धीरे-धीरे पैर पसारने के फिराक में जिसे हम सावधानी और सतर्कता बरतते हुए बढ़ने से रोक सकते हैं। बदलते मौसम में बीमारियां बढ़ने की सम्भावना भी बनी रहती हैं। जरा सी लापरवाही पर ही बीमारियां लोगों को घेरना शुरू कर देती हैं। इस समय बच्चों और बूढ़ों को विशेष रूप से सावधानी बरतने की जरूरत है। इस मौसम में सर्दी, खांसी जुकाम आम है। ऐसी स्थिति में घबराने की बजाय जागरूक रहने की आवश्यकता है।



### सावधानी और वैक्सीन रोकेगी कोरोना संक्रमण



डॉ. योगेश पटेल

बदलते मौसम में कोरोना संक्रमण से बचाव बेहद जरूरी है। जिन लोगों ने कोविड का टीका और बूस्टर डोज नहीं लगवाया है वह समय रहते खुद को टीकाकृत कर अपने और अपने परिवार को कोविड संक्रमण से बचाएं। कोरोना संक्रमण से बचे रहने के लिए दो गज दूरी और मास्क पहनना है अब भी जरूरी है। इसका सभी को ध्यान रखना चाहिए। इन दिनों अस्पताल में सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार के रोजाना अधिक मरीज आ रहे हैं। बदलता मौसम दमा, ब्लड प्रेशर, हृदय रोगियों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक होता है। हमें बीमारियों से बचने के लिए अपनी सेहत के प्रति सचेत रहना होगा। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अभी 10 लोग कोविड संक्रमित हैं। इसमें से एक मरीज अस्पताल में है एवं बाकि 9 लोग होम आइसोलेशन में है। इस बार होम आइसोलेशन की अवधि 14 दिन की कर दी गई है। संक्रमित लोगों में से 6 लोग दो दिन पहले ही पॉजिटिव आए हैं जिनमें से 2 की ट्रेवल हिस्ट्री, 3 प्राइमरी कॉन्टेक्ट और एक की न तो कोई ट्रेवल हिस्ट्री और न ही कॉन्टैक्ट है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. योगेश पटेल बताते हैं। श्वर्तमान में हर दिन 400 के करीब लोगों के कोविड जांच के सैंपल लिए जा रहे हैं। खतरा अभी टला नहीं क्योंकि एक बार फिर से कोविड के मामले बढ़ रहे हैं भले ही इनकी रफ्तार अभी धीमे है पर इसे तेज होने में समय नहीं लगता यह बीते 2 साल के अनुभव के आधार पर मैं कह सकता हूं। मास्क का प्रयोग करें और सार्वजनिक स्थलों पर सतर्क रहिए। जिले के सभी ब्लॉकों के



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड टेस्ट हो रहा है। रायगढ़ शहर में जूटमिल, इंदिरानगर और रामभांठा स्थित पीएचसी में कोविड टेस्ट हो रहा है। इसके अलावा शहर में फिलहाल और कहीं टेस्ट नहीं हो रहा है। जिनमें सर्दी खांसी या कोरोना के लक्षण प्रतीत हों वह तुरंत इसकी जांच कराएं।

### कोरोना का खतरा अभी टला नहीं-डॉ एसएन केशरी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी का कहना है-देश के साथ-साथ प्रदेश और रायगढ़ में भी संक्रमण की दर फिलहाल बढ़ रही है। संक्रमण को रोकने और इम्यूनिटी को बढ़ाने के लिए कोविड.19 की गाइड लाइन का नियमित रूप से पालन करना चाहिए जैसे-भीड़-भाड़ के स्थान पर जाने से पूर्व बिना संकोच के मास्क को अच्छे से लगाएं। नियमित साफ-सफाई रखें, हाथ को सैनिटाइज करें या नियमित रूप से साबुन से धोएं किसी भी स्थान को हाथ न लगाएं। लिफ्ट, एटीएम, जैसे सार्वजनिक चीजों का उपयोग करने के बाद हाथ को सैनिटाइज अवश्य करें। कोविड और बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही महंगी पड़ सकती है। इसलिए बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत अस्पताल जाकर चिकित्सक से संपर्क करें।

## एक नजर

### मांग के अनुसार आपूर्ति बनाए रखे, बल्क प्रदाय पर करें कंट्रोल-कलेक्टर भीम सिंह

ग्रामीण क्षेत्रों के फ्यूल पंपों में प्राथमिकता से की जाए आपूर्ति, अनाधिकृत टैंकरों पर करें कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले में पेट्रोलियम आपूर्ति की कमी के मद्देनजर आज कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के पेट्रोल पंप संचालकों एवं ईंधन प्रदाय एचपीसीएल व बीपीसीएल कंपनी के अधिकारियों की बैठक ली। मांग और आपूर्ति के संबंध में ली गई बैठक में कलेक्टर सिंह ने पेट्रोल पम्प संचालकों से कहा कि सभी पेट्रोल पम्प में ड्राई सीमा से अधिक ईंधन रखा जाए, इसके साथ ही उपभोक्ताओं की डिमांड को पूरी करने के लिए बल्क ईंधन पर प्रदाय पर कट्रोल किया जाए। जिससे जिले में ईंधन की पूर्ति बनी रहे है।





बैठक में कलेक्टर सिंह ने पेट्रोलियम प्रदाय कंपनियों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य प्रारंभ हो चुके है, लिहाजा ईंधन की आवश्यकता ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक होगी। इसलिए ग्रामीण ईंधन वितरकों को प्राथमिकता से पेट्रोलियम सप्लाई किया जाए। इसके साथ ही नियमित मॉनिटिरिंग किया जाए। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में मांग के अनुरूप नियमित आपूर्ति बनी रहे। कलेक्टर सिंह ने जिले में अनाधिकृत रूप से ईंधन सप्लाई में संलग्न टैंकरो पर तुरंत कार्यवाही कर बंद करने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। कलेक्टर सिंह ने जिले के विभिन्न विकासखंडो के पेट्रोलियम पंप संचालकों से सप्लाई के संबंध में चर्चा कर ईंधन आपूर्ति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पम्प ड्राई होने से पूर्व सप्लाई के संबंध में खाद्य अधिकारियों से नियमित संपर्क में बने रहे। जिससे पम्प ड्राई की समस्या का समाधान किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने पेट्रोलियम की सप्लाई की समस्या को देखते हुए अवैध स्टॉक एवं कालाबाजारी पर रोक के लिए पेट्रोल पंप संचालकों से कहा कि वाहनों में ही ईंधन दिया जाए। जिससे अवैध स्टॉक एवं कालाबाजारी पर रोक लगाया जा सके। उन्होंने खाद्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुकानों में ईंधन विक्रय को तत्काल बंद करे। कलेक्टर सिंह ने बीपीसीएल व एचपीसीएल के अधिकारियों से सप्लाई संबंधी दिक्कतों के बारे में चर्चा की। पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिनों में पेट्रोल शॉर्टेज की समस्या खत्म हो जाएगी। वर्तमान में सभी स्थानों में सप्लाई चेन की मॉनिटरिंग की जा रही है। विभागीय अधिकारियों द्वारा जिले में संचालित पेट्रोल पंप की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिससे ड्राई से पूर्व उन पेट्रोल पंपो को प्राथमिकता के साथ ईंधन सप्लाई किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों से कहा कि सभी पट्रोल पंपो को समान रूप से ईंधन प्रदाय किया जाए। जिससे सभी स्थानों में ईधन की आपूर्ति बनी रहे। इस दौरान खाद्य अधिकारी जी.पी.राठिया, सहायक खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, निखिल टंडन, बीपीसीएल से प्रभाकर प्रसाद टेकाले, एचपीसीएल से श्री प्रशांत गोयल एवं समस्त पेट्रोल पम्प संचालक उपस्थित रहे।

### पिकटप-ट्रैक्टर की भिड़ंत में एक की मौत

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** । जिले के गौरेला थानाक्षेत्र में ट्रैक्टर और पिकअप की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं दूसरा घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गौरेला थाना क्षेत्र निवासी सीता राम बैगा अपने एक अन्य साथी इतवार सिंह मरकाम के साथ रविवार देर रात पिकअप लेकर निकला था। इसी दौरान केवंची रोड में पीपरखूंटी के पास सामने की ओर से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी भिड़ंत हो गई। इस हादसें में पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ जिसके चलते पिकअप का चालक सीता राम वहीं फंस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई तथा उसके साथ बैठे इतवार सिंह मरकाम को गंभीर चोट पहुंची है।

# प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है योग -अरविन्द तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आठवां उत्सव भारत के साथ-साथ दुनियां भर के अधिकांश देशों में आज नई थीम मानवता के लिये योग। के तहत मनाया जायेगा। योग पर विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि योग को स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कला तथा विज्ञान माना जाता है। योग दिवस की घोषणा के पीछे एक ही उद्देश्य है। धर्म जाति से ऊपर उठकर समाज कल्याण के लिये एक शुरुआत करना। योग से जीवन के हर क्षेत्र में लाभ हैं इससे कई तकलीफों का अंत हैं। अतः सभी धर्म एवं जाति में योग के प्रति जागरूकता होनी चाहिये। योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है। इसे सामान्य स्थान पर भी किया जा सकता है। यह मस्तिष्क और तन के बीच संतुलन का प्रतीक है। मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य हैय विचार, संयम और स्फूर्ति प्रदान करने वाला है तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिये एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है। यह व्यायाम के बारे में नहीं है, लेकिन अपने भीतर आपसी एकता की भावना, दुनियां और प्रकृति की खोज के विषय में है। हमारी बदलती जीवन.शैली में यह चेतना बनकर हमें मदद कर सकता है। योग का जन्म भारत में बहुत समय पहले हुई थी योग और ध्यान का प्रयोग हिंदू धर्म और बौद्ध धर्म से जुड़े लोग प्रायः करते थे जैसे राजयोग, जनयोग, भक्तियोग, कर्मयोग, हस्त योग। योग का अर्थ एकता या बांधना है। आध्यात्मिक स्तर पर इस जुड़ने का अर्थ है सार्वभौमिक चेतना के साथ व्यक्तिगत चेतना का एक होना। व्यावहारिक स्तर परए योग शरीर, मन और भावनाओं को संतुलित करने और तालमेल बनाने का एक साधन है। सभी लोगों के जीवन में यह महत्वपूर्ण है कि वे पूरे शरीर को स्वस्थ और मानसिक संतुलन को बनाये रखें। योग संस्कृत से निकला है। योग शरीर और चेतना का मिलन है ए यह दैनिक जीवन में एक संतुलित जीवन शैली को बनाये रखता है। वर्तमान कोविड.19 महामारी के चलते अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा और बेहतर रोग प्रतिशोधक क्षमता विकसित करने के लिये योग की महत्वता और भी अधिक हो चली है। योग शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा को एकमस्त करने वाला अद्वितीय माध्यम है। कोरोना काल में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिये योग ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रशिक्षक योग सिखाने के लिये भी गूगल मीट और सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। योग दिवस की घोषणा के पीछे एक ही उद्देश्य है। धर्म जाति से ऊपर उठकर समाज कल्याण के लिये एक शुरुआत करना। योग से जीवन के हर क्षेत्र में लाभ हैं इससे कई तकलीफों का अंत हैं। अतः सभी धर्म एवम जाति में योग के प्रति जागरूकता होनी चाहिये। सत्ताईस सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में हमारे देश भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले अभिभाषण में इस पर पहल करते हुये प्रस्ताव रखा। जिसे महासभा ने तीन माह से भी कम समय में 11 दिसंबर 2014 को 193 देशों में से 177 देशों के समर्थन से पूर्ण बहुमत के साथ प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। योग की महत्वता को लेकर भारत के प्रयासों के चलते दुनियां भर के देशों ने इसे संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्वीकारा। संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुये पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर की एकता, विचार और कार्रवाई, संयम और पूर्तिय मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करने का सरल माध्यम है। इसकी मदद से ना सिर्फ स्वास्थ्य तन बल्कि शांत मन को भी पाया जा सकता है। योग की मदद से पूरी दुनियां में शांति और व्यवस्था स्थापित की जा सकती है।

### कौनकेरा में नशे से आजादी पखवाड़ा की शुरुआत

**गरियाबंद** । पुलिस मुख्यालय के निर्देश में गरियाबंद पुलिस कप्तान जेआर0 ठाकुर के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को 12 जून से 26 जून 2022 तक नशा से आजादी पखवाड़ा जागरूकता कार्यक्रम मनाए जाने के संबंध में निर्देश दिए थे।

जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए रैली एवं कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गरियाबंद सिटीकोटवाली प्रभारी गौतम चन्द्र गावड़े के मार्दर्शन मे ग्राम कौनकेरा मदनपुर मे नशे से आजादी पखवाड़े का प्रारम्भ किया गया।इस दौरान सैकडों की सँख्या में ग्रामीणो ने बेनर पोस्टर के साथ रैली निकाले और नशे के खिलाफ नारे लगाते हुए ग्राम भ्रमण किये।

### बालोद जिले के नवपदस्थ जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर ने कार्यभार ग्रहण किया

**राजनांदगांव** । बालोद जिले के नवपदस्थ जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर ने कलेक्टोरेट बालोद के जनसंपर्क कार्यालय में आज अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व ठाकुर संभागीय जनसंपर्क कार्यालय जगदलपुर में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ थे। चंद्रेश ठाकुर राजनांदगांव जिले के मोहला विकासखंड के ग्राम मुरेर के निवासी है। इसके पूर्व वे 2013 से 2019 तक सहायक सूचना अधिकारी के पद पर जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव में पदस्थ थे। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के माध्यम से 2019 में सहायक संचालक के पद पर चयनित होने के उपरांत उनकी पहली पदस्थापना संभागीय जनसंपर्क कार्यालय जगदलपुर में हुई थी। अभी हाल ही में ही राज्य शासन द्वारा जनसंपर्क अधिकारियों के किए गए स्थानांतरण के फ्लस्वरूप उनका स्थानांतरण जनसंपर्क अधिकारी जिला बालोद के पद पर हुआ है।

### संस्कार स्कूल में आर्टस की कक्षाएं आरंभ

**रायगढ़।** शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल शहरवासियों के लिए हुमेनिटिज (आर्टस विषय) की कक्षाएं आरंभ करने जा रही है। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि शहर में विद्यार्थियों के बीच बढ़ती हुई मांग एवं प्रतियोगी परीक्षा के लिए आर्टस विषय में रूझान को देखते हुए संस्कार पब्लिक स्कूल ने नई पहल करते हुए कक्षा ग्यारहवीं से नये विषय कक्षाएं आरंभ करने का निर्णय लिया है। विदित हो कि संस्कार स्कूल में गणित, विज्ञान एवं कॉमर्स की कक्षाएं प्रारंभ से ही लगती रही है। अब आर्टस विषय के लिए इतिहास, पॉलिटिकल साईन्स, भूगोल विषय की कक्षाएं शुरू की जा रही है। जिसके लिए विशेषज्ञ शिक्षक नियत किए गए हैं। प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने बताया कि इसी सत्र से आर्टस विषय की कक्षाएं आरंभ हो रही है। उम्मीद है कि इससे शहर के उन विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा जो भविष्य में आर्टस विषय लेकर अपना कैरियर बनाना चाहते हैं।

### जिला रोजगार कार्यालय में किया गया प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**राजनांदगांव** । जिला रोजगार कार्यालय तहसील परिसर राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। प्लेसमेंट कैम्प में विभिन्न नियोजकों द्वारा 140 आवेदकों का साक्षात्कार लिया गया और 49 आवेदक प्रारंभिक चयन प्रकिया में सफ्ल हुए।

# कॉंग्रेस की मांग केंद्र सरकार अग्निपथ योजना वापस ले, व बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय सैनिकों से मांगें माफी-अनिल शुक्ला

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिला कॉंग्रेस कमेटी रायगढ़ शहर के जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया किए केंद्र की मोदी सरकार द्वारा बिना विपक्षी पार्टियों की सहमति से जो अग्निपथ योजना लागू करने की बात हो रही है। कॉंग्रेस इस योजना का विरोध करती है। वहीं इस योजना पर बीजेपी के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के उस बयान की निंदा करती है जो प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि मुझे अगर बीजेपी के इस कार्यालय में सुरक्षा रखनी होती तो मैं पूर्व अग्निवीर को प्राथमिकता दूंगा। उन्हें इस बयान के लिए देश वासियों से जहां माफ ी मांगनी चाहिए थी वहीं विजयवर्गीय टूलकिट की बात कह कर खुद सवालों में घिर चुके हैं। हमारी मांग है कि भाजपा इस निंदनीय टिप्पणी के लिए सैनिकों से माफी मांगे। अन्यथा अपना रुख स्पष्ट करे। अनिल शुक्ला ने आगे कहा किए देश में वर्तमान दौर में बढ़ती बेरोजगारी के हालात समय ऐसी किसी योजना का समर्थन नहीं कर सकते। भले ही विकसित देशों में ऐसी योजना अस्तित्व में हों। इसका कारण यह भी है कि देश में पिछले कई सालों से खाली पड़े पदों की भर्ती नहीं हो पाई है और यकायक ये 4 साल की योजना लोगों के गले नहीं उतर रही है, युवा वर्ग इस रोजगार पद्धति को लेकर असमंजस में हैं यहां इस योजना को हम आपके साथ सांझा कर इसकी खामियां भी आपको बताना चाहते हैं।

#### पहले जानिये क्या है अग्निपथ योजना

अग्निपथ योजना तीनों सेनाओं, थल सेना, वायुसेना और नौसेना, के लिए एक अखिल भारतीय योग्यता आधारित भर्ती प्रक्रिया है। इसमें युवाओं को सेना के नियमित कैडर में सेवा नियुक्ति दी जाएगी। इस योजना के तहत भर्ती होने वाले युवाओं को अग्निवीर कहा जाएगा। इसके तहत युवाओं को चार साल के लिए सेना में सेवा रोजगार मिलेगा। इसके बाद योग्यता, इच्छा और मेडिकल फिटनेस के आधार पर 25 प्रतिशत अग्निवीरों को सेवा में बरकरार रखा जाएगा। और शेष 75 प्रतिशत लोगों को एक निर्धारित राशि झुनझुना बिना पेंशन सुविधा देकर बाहर कर दिया जाएगा। याने फिर वह दरबदर ठोकरें खाने को मजबूर हो जाएगा। जबकि हमारे देश की सामाजिक स्थिति को देखा जाए तो यही उम्र विवाह की होती है इस उम्र में रिटायरमेंट होना वो भी बिना पेंशन के ये चिंतनीय है।

#### किन-किन प्रावधानों को लेकर है कांग्रेस को चिंता

इस योजना को लेकर सबसे बड़ी चिंता यह है कि चार साल का समय पूरा होने के बाद अग्निवीर क्या करेंगे। अग्निपथ योजना के तहत पहले साल करीब 45,000 भर्तियां होंगी। जिनमें से 75 प्रतिशत युवाओं का अनुबंध चार साल बाद पूरा हो जाएगा। युवाओं में इसी बात को लेकर आक्रोश है कि वो चार साल बाद क्या करेंगे। हालांकि, विपक्ष के दबाव के चलते सरकार ने उन्हें दूसरी नौकरियों में प्राथमिकता देने की बात कही है। दूसरी बड़ी चिंता यह है कि चार साल के बाद युवाओं को पेंशन और दूसरे लाभ नहीं मिलेंगे। हालांकि, उन्हें करीब 11 लाख रुपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। लेकिन यह बाकी सरकारी नौकरियों की तुलना में बेहद कम है। इससे यह सवाल भी खड़ा होता है कि भर्ती होने वाले युवा चार साल की नौकरी के दौरान जोश से परिपूर्ण रहेंगे। इसे लेकर भी कई जानकार सवाल उठा चुके हैं जिनका यह जोश रिटायर होते ही शिथिल हो जाएगा।

#### सेना के पास होगी अनुभवी सैनिकों की कमी

इस योजना से जुड़ी एक और चिंता यह है कि सेना के पास अनुभवी सैनिकों की कमी हो जाएगी। दरअसल, अग्निवीरों को केवल चार साल सेना में नौकरी करने का मौका मिलेगा और उसके बाद नए अग्निवीर उनका स्थान लेंगे। एक बड़ी चिंता यह भी है कि अग्निपथ योजना के सेना दो समूहों में बंट जाएगी। इनमें से एक समूह अल्पकालिक सेवा और दूसरा पूर्णकालिक सेवा वाला होगा। इससे सैनिकों के आपसी मेलजोल में भी चुनौती बढ़ सकती है।

#### एक अन्य चिंता राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर भी है इस योजना के बाद

कुछ पूर्व जनरल और अन्य आलोचकों का कहना है कि इस योजना से सेना का ढांचा कमजोर हो सकता है और इससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है। यह चिंता इसलिए भी बड़ी है क्योंकि भारत के चीन और पाकिस्तान के साथ संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। कुछ लोग मान रहे हैं कि यह पैसा बचाने का अच्छा तरीका है। लेकिन इसके लिए सुरक्षा को दांव पर नहीं लगााना चाहिए। अनिल शुक्ला ने सबसे बड़ी चिंता अग्निवीरों के भविष्य को लेकर जताई है, जिसमें 4 साल के अनुभव प्राप्त रिटायर्ड दक्ष अग्निवीरों का अन्य शासकीय सेवाओं में पदस्थापना न होने की दशा में उनका इस्तेमाल विदेशी ताकतें व देश को अस्थिर करने वाली नक्सल व अन्य जासूसी संस्थाएं उनकी योग्यता का दुरुपयोग करके कर सकते हैं। ऐसे में विध्वंशक ताकतें भी इन दक्ष अग्निवीरों को बेरोजगार समझ अवसर का फायदा उठाकर नाना प्रकार के झांसों से इन्हें अपने कर्तव्यपथ से गुमराह कर सकती है। ऐसे में देश की सुरक्षा को भी भविष्य में खतरा होने की प्रबल संभावना है। कई रक्षा विशेषज्ञ भी इस संभावना से सहमत हैं। ऐसी कोई भी योजना लागू होने से पहले ही 4 साल बाद अग्निवीरों के भविष्य को लेकर चिंतन और मंथन बहुत आवश्यक है। आज देश में हर कहीं भारत सरकार की नई योजना अग्निपथ को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सोशल मीडिया में लोग इस योजना पर खुलकर अपने विचार रखते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में रायगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी शहर जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला ने अपनी विज्ञप्ति में अग्निपथ योजना को देशहित के विरूद्ध करार दे दिया है। कॉंग्रेस का कहना है कि इस योजना को तत्काल वापस लिया जाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सरकार को देश के नौजवानों से भी माफी मांगनी चाहिए। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि सेना की भर्ती की आयु सीमा में तीन साल की छूट दी जाए तथा जरूरत पड़े तो रक्षा एवं सेना से जुड़े पूरे मामले पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र या सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए तदुपरान्त ही योजना लागू की जाए।

# ऑनपेसिव कम्पनी में संस्थापक सदस्य बनने का अंतिम अवसर 22 एवं 23 जून तक-गनपत चौहान

## चौदह लाख हुए फाउंडर मेम्बरों की संख्या

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

**आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस,आई कम्पनी ऑनपेसिव में संस्थापक सदस्य यानी फाउण्डर मेम्बरशीप लेने की अंतिम तिथि कम्पनी के सीईओ एस मुफरे ने इंटरनेशनल स्तर पर 22 जून एवं भारतीय समयानुसार 23 जून दोपहर 12 बजे तक ही निर्धारित की गई है।**




यह कहना ऑनपेसिव के प्राउड फाउण्डर गनपत चौहान का है उन्होंने यह भी बतलाया कि ऑनपेसिव कम्पनी में सन् 2018 से यानी गत चार वर्षो से इस कम्पनी में दो सौ से अधिक छोटे बड़े द्वीप समूहों को मिलाकर बड़े-बड़े देशों से रविवार की रात्रि तक चौदह लाख से भी अधिक संस्थापक सदस्य बनाये गए। जिसमें तकरीबन आधी संख्या भारतीयों की है ऑनपेसिव कम्पनी यूएस की जरूर है जिसके सीईओ एस मुफरे जरूर है पर भारत के हैदराबाद में छः सौ से अधिक आईटी इंजीनियरों की कड़ी मेहनत से सीईओ मुफरे के दिशा निर्देशानुसार आधा सैकड़ा टूल्सों के निर्माण में दिन रात लगे हुए है। एक दर्जन से अधिक प्रोडक्ट दुनिया में तहलका मचाने पूर्ण रुप से लांचिंग के पूर्व बनकर तैय्यार हो चुके हैं। जैसे ओ ब्लेश,ओ वॉलेट,ओ मेल,ओ कनेक्ट,ओ नेट,ओ शॉप,ओ कैप्चर,ओ टेकर,ओ माईलाईफ ,ओ पोस्ट,ओ वर्चुअल,ओ एकेडमी,ओ चैट जैसे आधा सैकड़ा से भी अधिक प्रोडक्ट इस कम्पनी के स्वयं के उत्पाद होंगे जिसका मौजूदा समय में चल रहे तमाम आईटी कम्पनियों से भिन्न व सस्ता व सरल होगा जिसे दुनियाभर के सभी वर्गो द्वारा उपयोग में सहज रुप से वापरा जा सकता है,

### फाउण्डर मेम्बरशीप क्लोजिंग के बाद करोड़ो में भी नहीं मिलेगी ज्वाइनिंग

गनपत चौहान बतलाते है कि फाउण्डर मेम्बरशीप मौजूदा समय में 97 डॉलर देकर ऑनपेसिव कम्पनी का प्राउड फाउण्डर अभी भी बना जा सकता है किंतु 22 व 23 जून दोपहर 12.30 के क्लोजिंग होने के पश्चात करोड़ों रूपये देने पर भी नहीं बना जा सकता है।

### डाटा सेंटर हुआ लांच,अब फाउण्डर मेम्बर होंगे ऑनपेसिव में मर्ज

*गनपत चौहान बतलाते है कि कोई भी आईटी कम्पनी का आधार स्तंभ डाटा सेन्टर होता है बगैर डाटा सेन्टर के सैकड़ों टूल्स होने पर भी वह बेजान कम्पनी होती है इस कम्पनी में नाशा में भी घुसने की वजूद रखने व पूरी दुनिया में राज करने एक अदभुत आर्टिफि सियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग,आई बेस कम्पनी का सीईओ एस मुफ रे ने एक से अधिक डाटा सेन्टरों के माध्यम से ओ फाउण्डर से ऑनपेसिव में चौदह लाख से अधिक फाउण्डरों को यथाशीघ्र मर्ज करने जा रहे हैं।*

एक नजर

## 'मानवता के लिए योग' थीम पर होगा इस वर्ष का 8वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रायगढ़ स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय योग कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।






**उच्चा शिक्षामंत्री उमेश पटेल होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों के साथ स्थानीय निकायों में भी आयोजित होंगे योग दिवस**

जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित रायगढ़ स्टेडियम में प्रातः 7 बजे से आयोजित किया जायेगा। मानवता के लिए योग थीम पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम जिला, विकासखण्ड, स्थानीय निकाय के साथ-साथ जिले के शासकीय कार्यालयों, संस्थाओं एवं प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों पर भी वृहद योगाभ्यास का प्रदर्शन किया जायेगा।

जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य, सांसद रायगढ़ गोमती साय के विशिष्ट आतिथ्य एवं विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, विधायक धरमजयगढ़ श्री लालजीत सिंह राठिया, विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े, विधायक लैलूंगाचक्रधर सिंह सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर जानकी काटजू की गरिमापूर्ण उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा। योग दिवस के सफल आयोजन हेतु तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए कलेक्टर रायगढ़ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें जिला स्तर पर विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाकर आयुष विभाग एवं समाज कल्याण विभाग से समन्वय कर कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है। योगाभ्यास कार्यक्रम को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है। रायगढ़ के इच्छुक नागरिक इन स्थलों पर पहुंचकर योग दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते है।

# जनपद पंचायत रायगढ़ में हुआ श्रमदान एवं पौधरोपण कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के दिशा-निर्देशन एवं सीईओ जनपद पंचायत रायगढ़ महेश पटेल के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत कार्यालय रायगढ़ में गत दिवस श्रमदान एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कार्यालय प्रांगण के पिछले हिस्से की साफ-सफाई की गयी। वहीं उगे घास-फूस की कटाई की गयी। तत्पश्चात क्यारियों में मिट्टी डालकर भरा गया। जिसमें नींबू, अमरूद, गुलाब एवं अन्य फूलों के पौधे लगाए गए। सुबह 7 बजे से जनपद के कर्मचारियों ने इस सफाई अभियान में अपना योगदान दिया। इस दौरान सुरेश सिदार, नेहा सिदार, निर्मला लकड़ा, ललिता एक्का एवं संजय सारथी को स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मान किया गया। पटेल ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए जिससे साफ-सफाई के साथ ही संबंधों में अनौपचारिकता का विकास होता है जो कार्यालय के कार्यो को सहजता प्रदान करता है। साथ ही उन्होंने लगाए हुए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी कर्मचारियों को सौंपी। इस आयोजन में कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड रायगढ़ एवं बिहान टीम जिला पंचायत रायगढ़ का विशेष सहयोग रहा।

# संस्कार स्कूल मे आर्टस की कक्षाएं - रामचंद्र शर्मा

इतिहास, भूगोल सहित कई विषय

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल शहरवासियों के लिए हुमेनिटिज (आर्टस विषय) की कक्षाएं आरंभ करने जा रही है। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि शहर में विद्यार्थियों के बीच बढ़ती हुई मांग एवं प्रतियोगी परीक्षा के लिए आर्टस विषय में रूझान को देखते हुए संस्कार पब्लिक स्कूल ने नई पहल करते हुए कक्षा ग्यारहवीं से नये विषय कक्षाएं आरंभ करने का निर्णय लिया है। विदित हो कि संस्कार स्कूल में गणित, विज्ञान एवं कॉमर्स की कक्षाएं प्रारंभ से ही लगती रही है। अब आर्टस विषय के लिए इतिहास, पॉलिटिकल साईन्स, भूगोल विषय की कक्षाएं शुरू की जा रही है। जिसके लिए विशेषज्ञ शिक्षक नियत किए गए हैं। प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने बताया कि इसी सत्र से आर्टस विषय की कक्षाएं आरंभ हो रही है। उम्मीद है कि इससे शहर के उन विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा जो भविष्य में आर्टस विषय लेकर अपना कैरियर बनाना चाहते हैं।

# पूर्व विवाद पर दो युवकों ने एक दूसरे पर चलाया चाकू व ब्लेड

**बिलासपुर** । सकरी थाना क्षेत्र के काठाकोनी व खजुरी नवागांव में दो युवकों के बीच पुराने विवाद को लेकर चाकूबाजी हो गई। दोनों ने एक दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में घायल युवकों ने एक दूसरे के खिलाफ सकरी थाने में शिकायत की है। पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सकरी क्षेत्र के काठाकोनी निवासी दीपक पात्रे(20) ने अपनी शिकायत में बताया कि रविवार की रात से अपने दोस्त सत्यम नायडू के साथ गांव में घुमने निकले थे। रात 11.30 बजे वे गांव के मेनरोड में पहुंचे थे। इसी बीच वहां पर खजुरी नवागांव में रहने वाला उपेंद्र वस्त्रकार पहुंचा। उसने एक दिन पहले कानन पेंडारी के पास हुए विवाद को लेकर दीपक से गाली-गलौज शुरू कर दी। इसका विरोध करने पर उसने ब्लेड से दीपक पर हमला कर दिया। हमले में दीपक के सीने और पेट में चोटे आई है। मौके पर मौजूद सत्यम ने किसी तरह बीच-बचाव किया। हमले के बाद उपेंद्र वहां से भाग निकला। वहीं, उपेंद्र ने बताया कि रविवार की रात वह अपनी बहन को छोडऩे के लिए उसलापुर रेलवे स्टेशन गया था जहां रात 11.30 बजे वे अपनी मोटरसाइकिल से काठाकोनी मेन रोड के पास पहुंचे। इस दौरान वहां पर सत्यम नायडू खड़ा था। सत्यम ने एक दिन पहले हुए विवाद को लेकर उपेंद्र से मारपीट की। इसका विरोध करने पर उसने अपने पास रखे चाकू से उपेंद्र पर हमला कर दिया।

## जंतर मंतर में गरजे बस्तर सांसद दीपक बैज

केंद्र सरकार के खिलाफ सत्याग्रह में पहुंचे

**जगदलपुर** । आज दिल्ली के जंतर मंतर में लगातार केंद्र सरकार के विरुद्ध अग्निपथ योजना व कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को ईडी के जरिये परेशान किये जाने के विरोध में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का भारत के युवाओं के समर्थन में देशव्यापी सत्याग्रह आंदोलन में शामिल हुए बस्तर सांसद दीपक बैज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने युवाओं के साथ खिलवाड़ किया है। 4 साल की नौकरी देना देश के युवाओं के साथ भद्दा मजाक है। देश के युवा सेना में जाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। कोचिंग के साथ फिजिकल टेस्ट, सुबह-शाम दौड़ लगाने के साथ ही लंबी-ऊंची कूद, फिजिकलटेस्ट, ग्राउंड टेस्ट क्लियर करने के पश्चात परीक्षा के लिए कई दिन तैयारी करने के बाद सेना में भर्ती होते हैं। नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के युवाओं के साथ सिर्फ छलावा ही किया है।लाखों युवा आज सड़क पर हैं।अग्निपथ के निर्णय से युवाओं में भारी रोष है। युवाओं के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए केंद्र सरकार को तुरंत अपना निर्णय वापस लेना चाहिए।


राहुल गांधी को प्रताड़ित करने के विरोध पर बस्तर के युवा सांसद श्री बैज ने कहा कि यह विपक्ष की आवाज को कुचलने तथा महंगाई, बेरोजगारी से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार की'तरकीब'का हिस्सा हैं। श्री बैज ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।

राजपुर में किसानों को नहीं दिया जा रहा खाद

# बीज एवं केसीसी ऋण पूर्व विधायक हृदय राम राठिया करेंगे धरना प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

रायगढ़ जिले के लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हृदय राम राठिया ने अनुविभागीय अधिकारी लैलूंगा को इस बाबत धरना प्रदर्शन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।



की 20 जून 2022 तक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या.राजपुर क्षेत्र के किसानों को राखड़, खाद, धान बीज एवं केसीसी ऋण व नगद ऋण दिया जाना था। जबकि मानसून आने के बाद खेती किसानी का कार्य प्रारंभ हो चुका है। वहीं पूर्व विधायक राठिया के द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने ध्यान नहीं दिये। जबकि अन्य सभी मण्डी समिति क्षेत्र में किसानों को सभी सुविधा मिल रहा है। जैसे ऋण परमिट, खाद, बीज, नगद ऋ ण एवं केसीसी ऋ ण मिल रहा है। यदि 21 जून 2022 तक राजपुर क्षेत्र के किसानों को खाद-बीज, नगद ऋ ण, केसीसी नहीं दिया जायेगा तो 22 जून 2022 को पूर्व विधायक हृदय राम राठिया के द्वारा क्षेत्र के किसानों के साथ कार्यालय सहकारी समिति प्रांगण राजपुर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जिसकी संपूर्ण जावाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। सबसे दुर्भाग्य की बात यह है की प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की बहुमत की सरकार है और खाद, बीज एवं नगद ऋण तथा केसीसी ऋण के लिए राजनेताओं को धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। आखिर इस जिले के कलेक्टर एवं इस विभाग अधिकारी आखिर कहां सो रहे हैं। ऐसे समिति के प्रबंधक को तो अब तक तत्काल पद से हटा देना चाहिए था।

# कुम्हार समाज की सामाजिक भवन हेतु विधायक चक्रधर ने 20 लाख की दी स्वीकृति

तमनार और लैलूंगा कुम्हार समाज हेतु 10-10 लाख हेतु मिली सहमति



जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा के विकासखंड तमनार एवं लैलूंगा के कुम्हार समाज के प्रतिनिधियों ने सोमवार को विधायक चक्रधर सिंह सिदार से मुलाकात कर सामाजिक भवन निर्माण हेतु मांग रखी। जिस पर विधायक चक्रधर सिंह सिदार ने लैलूंगा और तमनार विकास खंड के कुम्हार समाज के लिए सामाजिक भवन निर्माण हेतु 10-10 लाख की स्वीकृति प्रदान की।

जानकारी हो कि विधायक सिदार द्वारा हर वर्ग, समाज के लिए राजनीति से परे निस्वार्थ भाव से उनकी मांगों को स्वीकृत कराई जाती है पूर्व भी अलग-अलग कई समाज के लिए सामुदायिक भवन की स्वीकृति प्रदान की गई है विधायक सिदार का मानना है कि हर समाज के पास उनके सामाजिक भवन का होना अत्यंत आवश्यक है जो कि समाज को एकजुट और आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है। वही कुम्हार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक सिदार द्वारा 20 लाख की राशि स्वीकृति प्रदान किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए उनको धन्यवाद दिया।

# कमरगा में विधायक चक्रधर सिंह की उपस्थिति में रोका-छेका कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।




छत्तीसगढ़ सरकार मानसून आने से पहले पूरे छत्तीसगढ़ में रोका-छेका अभियान की शुरुआत करने जा रही है। यह अभियान 20 जून से शुरू हो गई है। इस अभियान के तहत खेतों में लगे फ सलों को जानवरों से बचाने के लिए इसकी शुरुआत की गई। सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के तमाम जिलों के कलेक्टर और पंचायत के अधिकारियों को इस अभियान को सुचारू रूप से शुरू करने के लिए निर्देशित किया है। खेती-किसानी से जुड़ी छत्तीसगढ़ की ग्रामीण संस्कृति की पुरानी परंपरा के अनुसार गांवों में आने वाले दिनों में फ सल बुआई के पहले खुले में चराई करने वाले पशुओं से फ सलों को बचाने के लिए इस वर्ष रोका-छेका कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में लैलूंगा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम कमरगा के गोठान में रोका छेका का कार्यक्रम की शुरुआत की गई आयोजित कार्यक्रम के दौरान लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह का फूल माला के साथ स्वागत किया गया इस दौरान विधायक सिदार ने रोका-छेका अभियान के जरिए किसान और पशुपालक अपने पशुओं को खुले में चराई के लिए नहीं छोड़ने का संकल्प लेने की बात कही ताकि फ सलों को नुकसान न पहुंचे पशुओं को घरों, बाड़ों और गौठानों में रखा जाएगा। और उनके चारे पानी का व्यवस्था भी किया जाएगा।

गांवों में गौठानों के बनने से रोका-छेका का काम अब और भी ज्यादा आसान हो गया है। गौठानों में पशुओं की देखभाल और उनके चारे-पानी की प्रबंध की चिन्ता अब किसानों और पशुपालकों को नहीं है। गौठानों में इसका प्रबंध पहले ही किया गया है। कार्यक्रम के दौरान विधायक चक्रधर सिंह सहित अनुविभागीय अधिकारी रात्रे एजनपद अध्यक्ष किरण पैंकरा उपाध्यक्ष लखन सारथी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ठंडा राम बेहरा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस रात्रे, तहसीलदार जे आर शतरंज, उद्यानिकी अधिकारी जेएस तोमर, ग्राम सरपंच बीडीसी सहित ग्रामीण व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरकार ने कलेक्टरों और जिला पंचायत अधिकारी को दिए निर्देश

छत्तीसगढ़ के सभी कलेक्टर और जिला पंचायत के अधिकारियों को रोका छेका कार्यक्रम करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ के सभी कलेक्टरों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को गौठानों में पशुओं की रखरखाव और उचित व्यवस्था करने के साथ-साथ पशुपालकों और किसानों को अपने पशुओं को घर में बांधकर रखने के लिए, उत्साहित करने और गांव के चारागाह की व्यवस्था करने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in